




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 75 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 15 दिसम्बर 2025 डाक 16 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
नई दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ो! रैली के दौरान समर्थक नारे लगा रहे हैं।


**देश-विदेश**
ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले का पाकिस्तान कनेक्शन, यहूदियों पर गोलियां बरसाने वालों का खौफनाक इरादा बेनकाब



**फीचर पेज**
कोजिक एसिड को करें अपनी त्वचा की देखभाल में शामिल, मिलेंगे निखार समेत ये मुख्य लाभ



# कांग्रेस की रैली में हुआ पीएम मोदी का अपमान! राज्यसभा में जेपी नड्डा की मांग, सोनिया गांधी को मांगनी चाहिए माफी

**नईदिल्ली 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पार्टी के नेताओं द्वारा की गई टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी जी को कल कांग्रेस की रैली में पीएम मोदी के खिलाफ लगाए गए नारों के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। कल की कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाए गए। यह कांग्रेस पार्टी की सोच और मानसिकता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी बातें कहना निंदनीय है। सोनिया गांधी जी को इसके लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारों की आलोचना की है। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। किरेन रिजिजू ने सोमवार को संसद सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, देश की जनता ने सुना कि कांग्रेस पार्टी की रैली में क्या कहा गया। लोकतंत्र में हम सब सहयोगी हैं, दुश्मन नहीं। लेकिन कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाए गए। मेरा मानना है कि लोकतंत्र में ऐसा घटिया और शर्मनाक स्तर पहले कभी नहीं देखा गया। संसद का सत्र चल रहा है, और कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को याद दिलाया



कि जब 2014 में भाजपा सांसद रहीं निरंजन ज्योति ने विपक्ष के एक नेता के लिए गलत शब्द इस्तेमाल किया था, इस पर तुरंत पीएम मोदी ने उनसे संसद में माफी मांगने के लिए कहा था और सांसद ने माफी मांगी थी। रिजिजू ने कहा, लोकतंत्र में भाषा किस स्तर की हो, यह सभी को समझना चाहिए। भाजपा और एनडीए की तरफ से कभी भी किसी का नाम लेकर माता-पिता या किसी अन्य नेता के लिए मौत शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।÷ केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, हम एक-दूसरे का कितना भी विरोध करें, फिर भी हम एक-दूसरे का सम्मान करते हुए शुभकामनाएं देते हैं। राजनीतिक लड़ाइयां अलग होती हैं, लोकतंत्र में हर किसी को राजनीति करने का अधिकार है और हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना या विरोध करते हैं। लेकिन कोई भी कभी किसी दूसरे व्यक्ति को मारने के बारे में सोचता या बोलता नहीं है। यह किस तरह की मानसिकता है जो खुलेआम किसी विरोधी को मारने के लिए उकसाती है। रिजिजू ने कहा, भारत के प्रधानमंत्री को दुनिया और हमारे 1.4 अरब लोगों का देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता के तौर पर पहचानता है। यह बहुत दुख की बात है और अफसोसजनक है कि विपक्ष के कुछ सदस्य उनके खिलाफ आपत्तिजनक बात कर रहे हैं। किरेन रिजिजू ने दोहराया कि सिर्फ खंडन करना काफी नहीं है। संसद में कांग्रेस अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष नेता को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## महाराष्ट्र में दिल दहला देने वाली घटना, बोरे में बांधकर युवक को कार समेत जलाया, पुलिस भी रह गई हैरान

**लातूर, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के लातूर से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर एक शख्स की जली हुई लाश कार में मिली है। मृतक की पहचान ICICI बैंक के रिकवरी एजेंट के तौर पर हुई है। शुरुआती जांच में कहा गया कि व्यक्ति को बोरे में बांधकर कार सहित जिंदा जला दिया गया। दरअसल, ये पूरा मामला महाराष्ट्र के लातूर के औसा



तालुका के वानवडा रोड का है। यहां पर एक जली हुई कार बरामद हुई है, इसके भीतर औसा तांडा के रहने वाले गणेश चव्हाण की बोरी में जली लाश बरामद हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

बताया जा रहा है कि बैंक के एजेंट को पहले बोरी में बांधा गया और कार को आग के हवाले कर दिया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी गई। इस हादसे में गणेश चव्हाण की झुलसकर मौत हो गई। मृतक गणेश चव्हाण ICICI बैंक में रिकवरी एजेंट के तौर पर काम कर रहा था

## एम्स रेसीडेंसी परिसर में चाकूबाजी, हड़कंप

**रायपुर।** कबीर नगर इलाके में देर रात हुई एक घटना ने कानून-व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। एम्स रेसीडेंसी परिसर में दो कारोबारी भाइयों पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। इस अचानक हुई घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, कपड़े के कारोबारी आकाश सखूजा शनिवार रात लगभग 10 बजे अपने दोस्तों के साथ एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान कुछ युवक उनकी दुकान पर पहुंचे और वहां मौजूद कर्मचारी के साथ बदसलूकी करने लगे।

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नईदिल्ली 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बिगड़ते वायु प्रदूषण के स्तर से संबंधित याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पामचोली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की दलीलों पर गौर किया, जो न्याय मित्र के रूप में न्यायालय की सहायता कर रही हैं। सिंह ने कहा कि यद्यपि निवारक उपाय मौजूद हैं, लेकिन मुख्य मुद्दा अधिकारियों द्वारा उपायों का खराब कार्यान्वयन है। सिंह ने कहा कि जब तक यह अदालत कोई



निर्देश नहीं देती, अधिकारी पहले से मौजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते हैं। इस पर सीजेआई ने कहा, ''यह मामला बुधवार को तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष आएगा। इस पर सुनवाई होगी।'' एक अन्य वकील ने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे से जुड़े एक आवेदन का हवाला देते हुए कहा कि पहले के आदेशों के बावजूद स्कूल बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं।

न्याय मित्र ने यह भी कहा, ''इस अदालत के आदेश के बावजूद स्कूलों ने इन खेल गतिविधियों को आयोजित करने के तरीके खोज लिए हैं... ये गतिविधियां हो रही हैं। सीएक्यूएम (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) एक बार फिर इस अदालत के आदेश का हवाला दे रहा है।'' सीजेआई ने कहा, ''हम समस्या को जानते हैं और हम ऐसे आदेश पारित करेंगे जिनका पालन किया जा सके। कुछ निर्देश ऐसे हैं जिन्हें बलपूर्वक लागू किया जा सकता है। इन शहरी महानगरों में लोगों की अपनी जीवनशैली होती है। लेकिन गरीबों का क्या होगा...।''

## 40 फ्लाइट रद, 200 से अधिक डिले, ट्रेन सेवा भी प्रभावित...

### कोहरे की जद में आया पूरा दिल्ली एनसीआर



**नई दिल्ली।** सर्दी की पहली बड़ी कोहरे की चादर ने सोमवार सुबह दिल्ली-एनसीआर को पूरी तरह ढक लिया। विजिबिलिटी कुछ जगहों पर शून्य से 50 मीटर तक गिर गई, जिससे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

एयरपोर्ट पर कैट-III लो विजिबिलिटी प्रक्रियाएं लागू की गईं, लेकिन फिर भी कई उड़ानें देरी से चलीं। वहीं कुछ कैंसिल हुईं या डायवर्टकरदी गईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुबह से अब तक दिल्ली एयरपोर्ट पर 200 से अधिक उड़ानें देरी से संचालित हुईं, जिनमें करीब 40 उड़ानें रद की गईं और चार को जयपुर जैसे अन्य एयरपोर्ट्स पर डायवर्ट किया गया है। वहीं, कोहरे के कारण ट्रेन सेवा भी प्रभावित हुई है। सोमवार सुबह कोहरे के चलते दिल्ली से आने और जाने वाली ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इससे पहले मौसम विभाग ने 14 दिसंबर की सुबह माडरेटटूडेंसफॉग की भविष्यवाणी की थी, जिसे देखते हुए एयरपोर्ट पर लो विजिबिलिटीप्रोसीजर्स लागू किए गए। एयरपोर्ट के रनवे पर दृश्यता काफी काफी कम हो गई। न्यूनतम दृश्यता 350-400 मीटर तक दर्ज की गई, जो बाद में थोड़ी सुधरी।

कोहरे के कारण सबसे ज्यादा असर सुबह पांच बजे से 10 बजे के बीच पड़ा, जब लोविजिबिलिटी प्रोसीजर्स पूरी तरह सक्रिय रहीं। गैर कैट III उड़ानों को अधिक सतर्कता बरतनी पड़ी, जबकि प्रमुख एयरलाइंस जैसे इंडिगो और एयर इंडिया की कैट-III सुविधा वाली उड़ानें बिना ज्यादा रुकावट के लैंड और टेकआफ कर करती रहीं।

## पीएम तीन देशों के दौरे पर रवाना हुए, जॉर्डन पहला पड़ाव, कई अहम मुद्दों पर होगी वार्ता

**नईदिल्ली 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से तीन देशों के अहम दौरे पर रवाना हो रहे हैं। इस यात्रा में वह जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान जाएंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक यह दौरा भारत के पश्चिम एशिया और अफ्रीका के साथ रिश्तों को नई मजबूती देने वाला है। व्यापार, निवेश, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर इस दौरान गहन बातचीत होगी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता बढ़ी है। भारत इस दौरे के जरिए अपने भरोसेमंद साझेदारों के साथ राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है। खास बात यह है कि जॉर्डन और इथियोपिया की यह पीएम मोदी की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा होगी, जबकि ओमान का यह उनका दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री मोदी



15 दिसंबर को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचेंगे। वहां वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय से आमने-सामने बातचीत करेंगे। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। भारत और जॉर्डन के बीच कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं, ऐसे में यह यात्रा विशेष मानी जा रही है। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और राजनीतिक सहयोग पर फोकस रहेगा। दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें दोनों देशों के प्रमुख कारोबारी शामिल होंगे। इसके अलावा पीएम मोदी जॉर्डन में बसे भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे।

युवराज के साथ वह पेट्रा शहर का दौरा करेंगे, जो भारत के साथ प्राचीन व्यापारिक संबंधों का प्रतीक रहा है। जॉर्डन के बाद प्रधानमंत्री मोदी 16 से 17 दिसंबर तक इथियोपिया के राजकीय दौरे पर रहेंगे। यह उनकी पहली इथियोपिया यात्रा होगी। यहां वह प्रधानमंत्री अबी अहमद अली से मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रिश्तों के सभी पहलुओं पर चर्चा होगी। भारतीय प्रधानमंत्री इथियोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे।

## खड़ी बस को ट्रक ने मारी टक्कर
## एक की मौत, चार लोग हुए जख्मी



**आजमगढ़।** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर शमशाबाद गांव के निकट येलो लेन में खड़ी एक बस में ट्रक की टक्कर से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान मुबारकपुर थाना क्षेत्र के लाडो गांव निवासी दीपक चौहान के रूप में हुई है। दीपक अपनी मां का राजस्थान में इलाज कराने के बाद घर लौट रहा था। यह दुर्घटना सुबह लगभग सात बजे हुई। बस राजस्थान के भिवाड़ी से सवारी लेकर बलिया जा रही थी और यह पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अपने निर्धारित येलो लेन में खड़ी थी। दीपक को घोसी टोल के पास उतरना था। दुर्घटना का कारण चालक की झपकी आना बताया जा रहा है। घायलों को तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौला भेजा गया। चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में राहुल पुत्र राघवेंद्र यादव (25 वर्ष) छपरा बलिया, नसीम पुत्र अशरद अली (26 वर्ष) बुजुर्ग मड़या गाज़ीपुर, सुक्खू पुत्र रामप्रीत (55 वर्ष) बस्ती रुमाल गढ़ मऊ और संतोष कुमार सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह (27 वर्ष) औरीडिह थाना सिकंदरपुर बलिया शामिल हैं। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक और खलासी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सड़क सुरक्षा के मुद्दे को एक बार फिर उजागर करती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि यातायात नियमों का पालन किया जाए और सड़क पर सतर्कता बरती जाए।

## सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी पर उठाए थे सवाल कांग्रेस ने पूर्व विधायक मोहम्मद मोकिम को बाहर निकाला

**भुवनेश्वर, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ओडिशा की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। बारबाटी-कटक से पूर्व कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोक़िम को पार्टी-विरोधी गतिविधियों के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया है। इस फैसले के साथ ही उनकी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी समाप्त कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) अध्यक्ष भक्त चरण दास के प्रस्ताव पर की गई, जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) ने



मंज़ूरी दी। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि मोक़िम का हालिया रवैया संगठनात्मक अनुशासन के खिलाफ था।

बताया जा रहा है कि मोहम्मद मोक़िम ने पार्टी नेतृत्व को चुनौती देते हुए कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। साथ ही उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष भक्त दास के नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी आचरण करार दिया। कांग्रेस नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि संगठन की एकता और अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कठोर निर्णय लिया गया है। पार्टी का कहना है कि अनुशासन से समझौता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## पीयूष गोयल का दावा: मुंबई की 1000 एकड़ जमीन पर 50 हजार घर बनेंगे, एएआई रडार दहिसर से गोराई शिफ्ट करने का फैसला

**मुंबई, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मुंबई के दहिसर इलाके के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) का हाई-फ्रीक्वेंसी रडार, जो अभी दहिसर में लगा है, उसे अब गोराई में शिफ्ट किया जाएगा। इससे दहिसर में सैकड़ों एकड़ जमीन खाली होगी, जहां किफायती (अफोर्डेबल) हाउसिंग प्रोजेक्ट शुरू किए जा सकेंगे।



यह फैसला नागरिक उड्डयन मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार, एएआई और अन्य संबंधित विभागों की बैठक के बाद लिया गया। इस बात की जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने दी। उन्होंन बताया कि रडार को शिफ्ट करने के लिए कैबिनेट से मंजूरी ली जाएगी, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके। जमीनों पर बनने वाले घर को लेकर केंद्रीय मंत्री और उत्तर मुंबई के सांसद पीयूष गोयल ने कहा कि अगले पांच साल में करीब 50,000 घर बनाए या फिर पुराने घरों का पुनर्विकास किया जाएगा। इससे लोगों को पक्के घर, बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यह फैसला कई वर्षों की कोशिशों और केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से संभव हो पाया है। इससे दहिसर की पहचान अब आखिरी उपनगर के बजाय तेजी से विकसित होते क्षेत्र के रूप में होगी। नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने आगे कहा कि रडार हटने से दहिसर में करीब 1,000 एकड़ जमीन (6 किलोमीटर क्षेत्र में) हाउसिंग प्रोजेक्ट्स के लिए उपलब्ध होगी। इससे दहिसर के लोगों का अपने घर का सपना पूरा होगा और यह इलाका आसान और बेहतर जीवन का केंद्र बनेगा। दहिसर और जुहू में लगे रडार की वजह से इमारतों की ऊंचाई पर रोक लगी हुई थी।

इससे आस-पास के कई शहरी विकास परियोजनाएं अटकी हुई थीं और लाखों लोग जर्जर इमारतों में रहने को मजबूर थे। इससे पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में बताया कि राज्य सरकार ने दहिसर और जुहू दोनों जगहों से रडार हटाने का फैसला किया है। दहिसर का रडार गोराई शिफ्ट होगा और इसका पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी, साथ ही केंद्र सरकार को बिना किसी कीमत के जमीन भी दी जाएगी। मामले में राज्य सरकार ने जुहू (डीएन नगर) के रडार को शिफ्ट करने के लिए भी एक वैकल्पिक जगह सुझाई है। तकनीकी जांच पूरी होने के बाद वहां भी रडार हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद जुहू इलाके में भी रीडेवलपमेंट आसान हो जाएगा। कुल मिलाकर अब यह कहना गलत नहीं होगा कि फैसला हाउसिंग, रोजगार और शहरी विकास के लिहाज से मुंबई के लिए एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

## जंगल से कोयला निकाल तस्करी की कोशिश नाकाम



**कोरबा ।** कोरबा जिले से सटे मोरगा-सरगुजा सीमा क्षेत्र के पतुरियादांड जंगल में अवैध कोयला खनन का मामला सामने आया है। शनिवार देर रात कोयला तस्करों द्वारा जंगल में खुदाई कर कोयला लोड कर ले जाने की कोशिश की जा रही थी, जिसे ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से नाकाम कर दिया गया। इस दौरान कोयले से भरा एक ट्रक जब्त किया गया है।जानकारी के अनुसार शनिवार रात कुछ तस्कर पतुरियादांड जंगल पहुंचे और अवैध रूप से कोयले की खुदाई करने लगे। खुदाई किए गए कोयले को ट्रक में लोड कर वे मौके से फरार होने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

## पत्नी से विवाद के बाद टावर पर चढ़ा युवक

**कोरबा।** जिले के रावणभांटा गांव में रविवार को एक युवक ने पत्नी से विवाद के बाद 200 फीट ऊंचे मोबाइल टॉवर पर चढ़कर खूब ड्रामा किया। शराब के नशे में धुत युवक टॉवर के ऊपर से जोर-जोर से चिल्ला रहा था- 'मेरी पत्नी को बुलाओ,' और कूदने की धमकी दे रहा था। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

पत्नी की डांट पर आया गुस्सा

जानकारी के अनुसार, रावणभांटा गांव का रहने वाला करण चौहान (26 साल) रविवार दोपहर शराब पीकर घर पहुंचा था। इसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि करण गुस्से में घर से निकल गया और गांव में लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया।

पुलिस और पत्नी पहुंची मौके पर

युवक की इस हरकत की सूचना तुरंत रजगामार चौकी पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जब घटना की जानकारी युवक की पत्नी को मिली, तो वह भी घटनास्थल पर पहुंची।एक घंटे तक चला ड्रामाटॉवर पर चढ़ा करण किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था। वह पत्नी और पुलिस के बुलाने पर भी नीचे नहीं उतर रहा था। टॉवर पर टहलते हुए वह लगातार कूदने की धमकी दे रहा था, जिससे मौके पर मौजूद लोग सहमे हुए थे। युवक का यह हाई वोल्टेज ड्रामा करीब एक घंटे तक चला।

समझाइश के बाद सुरक्षित उतरापुलिस ने धैर्य से काम लिया और युवक को लगातार समझाती रही। काफी देर की समझाइश और प्रयासों के बाद आखिरकार करण चौहान नीचे उतरने को तैयार हो गया। उसके सुरक्षित नीचे उतरते ही सभी ने राहत की सांस ली।रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि युवक शराब के नशे में था और पत्नी की डांट से नाराज होकर टॉवर पर चढ़ा था। पुलिस ने उसे समझाइश दी और चेतावनी देकर छोड़ दिया।

## सड़क पर गिरे तेल में फिसलकर गिरे बाइक सवार

**कोरबा ।** कोरबा अंचल के निहारिका क्षेत्रान्तर्गत सुभाष चौक पर 13 दिसंबर की देर रात सड़क पर तेल फैलने से हड़कंप मच गया। इस तेल की चपेट में आने से कई बाइक और एक्टिवा सवार फिसलकर गिर गए, जिससे वे घायल हो गए। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

बताया जा रहा है कि एक पिकअप वाहन से तेल ले जाया जा रहा था, तभी सुभाष चौक सिग्नल के पास काफी मात्रा में तेल सड़क पर गिर गया। इसके बाद एक के बाद एक कई दोपहिया वाहन चालक इसकी चपेट में आते गए। सामने आए वीडियो में एक एक्टिवा सवार युवक लगभग 25 मीटर तक फिसलते हुए आगे जा गिरा। यह युवक सीएसईबी कॉलोनी का निवासी बताया जा रहा है, जिसे चोटें आई हैं। कुल मिलाकर, लगभग आधा दर्जन लोग इस हादसे का शिकार हुए। हादसे को बढ़ता देख, स्थानीय दुकानदारों और कुछ लोगों ने सड़क पर रेत डालकर तेल के फैलाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसी दौरान, सुभाष चौक पर मौजूद कुछ पुलिसकर्मियों की नजर पड़ी। उन्होंने तुरंत बैरिकेड लगाकर कुछ देर के लिए लोगों की आवाजाही रोक दी, जिससे और हादसे होने से बच गए।

जानकारी के अनुसार, जिस पिकअप वाहन से तेल गिरा था, वह एक निजी कंपनी का था और कोरबा से इंडस्ट्रियल एरिया की ओर जा रहा था। स्थानीय लोगों ने इस घटना को बड़ी लापरवाही बताया है। उनका कहना है कि इस तरह के हादसे में लोगों की जान भी जा सकती थी।

## `रेडी टू ईट की आपूर्ति में रूचि नही लिया समूह ने, आर्डर निरस्त

**कोरबा।** सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 योजना के तहत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाइड आटा निर्माण-आपूर्ति के लिए चयनित महिला स्व सहायता समूहों के संचालन में रुचि नहीं लेने के मामले में शासन-प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। आकांक्षी जिला कोरबा में इसकी शुरुआत चोटिया परियोजना से कर दी गई है। चयनित आदर्श महिला स्व सहायता समूह, खिरटी (विकासखंड पोड़ीउपरोड़ा) द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने और कार्य के प्रति अरुचि पाए जाने पर जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समूह का अनुबंध निरस्त कर दिया गया है। इसके स्थान पर अंतिम प्रतीक्षा सूची में शामिल स्मृति महिला स्व सहायता समूह, बुढ़ीपीपर टिहली सरई (पोस्ट मोरगा) को संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।विधानसभा में उठे सवालों से जुड़कर देखी जा रही कार्रवाईइस प्रशासनिक कार्रवाई को विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा मानसून सत्र में 8 जुलाई को रेडी टू ईट समूह चयन में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितता को लेकर लगाए गए आरोपों के परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार शीतकालीन सत्र में संभावित हंगामे से पहले यह निर्णय लिया गया, जिससे पात्र समूह को न्याय मिल सके।पायलट प्रोजेक्ट के तहत कोरबा समेत 6 जिलों में चयनगौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 24 मार्च 2025 को जारी निर्देश के तहत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाइड आटा निर्माण के लिए महिला स्व सहायता समूहों का चयन किया गया था। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश के कोरबा, रायगढ़, बलौदाबाजार-भाटापारा, बस्तर, दंतेवाड़ा और सूरजपुर जिलों को शामिल किया गया। कोरबा जिले में जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा पर 28 मई 2025 को चयन आदेश जारी किया गया था, लेकिन छह माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कई परियोजनाओं में उत्पादन शुरू नहीं हो सका। छह माह बाद भी उत्पादन शुरू नहीं, उठ रहे सवालचयन आदेश जारी हुए करीब 6 माह बीत चुके हैं,

### बरपाली तहसील के 8 ग्रामो के 18 आंगनवाड़ी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का हुआ सुदृढ़ीकरण

# अदाणी फाउंडेशन ने पहल करते हुए पाँच ग्राम पंचायतों में आंगनवाड़ी केंद्रों को बांटी आवश्यक सामग्री

**कोरबा ।** कोरबा जिले के बरपाली तहसील अंतर्गत कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल), पताड़ी ने अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस पहल के तहत अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से आसपास की पाँच ग्राम पंचायतों के 8 ग्रामो में स्थित कुल 18 आंगनवाड़ी केंद्रों में रसोई के बर्तन, खेल-कूद का सामान, कुर्सीयाँ, टेबल, अलमीरा, गद्दे इत्यादि जैसी आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया।

जानकारी के अनुसार अदाणी फाउंडेशन द्वारा यह सामग्री वितरण एवं केंद्रों का उद्घाटन ग्राम पंचायत पताड़ी, खोद्दले, पहांदा, धंदानी और सरगबुंदिया में किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अदाणी पॉवर के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण महिलाएं एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कई केंद्रों में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधिवत उद्घाटन संपन्न हुआ। सभी संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर केंद्रों का निरीक्षण किया, जिससे सामुदायिक सहभागिता और अधिक मजबूत हुई।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों में आवश्यक सामग्री की कमी को दूर करना तथा पुराने और अनुपयोगी उपकरणों को बदलना




रहा। यह कार्यक्रम जिला एवं ब्लॉक महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेनू प्रकाश, कोरबा परियोजना अधिकारी श्रीमती ममता तुल्ले तथा करतला परियोजना अधिकारी श्रीमती कीर्ति जैन का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

अदाणी फाउंडेशन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस चरण में बुनियादी जरूरतों की पूर्ति पर विशेष ध्यान दिया गया है और आने वाले समय में आंगनवाड़ी केंद्रों में सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए अतिरिक्त सुधारात्मक कार्य भी किए जाएंगे।

नई सामग्री के वितरण से महिलाओं, बच्चों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। लाभार्थियों ने एक साथ इतनी व्यापक सहायता मिलने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों सरपंच, पंच एवं विभागीय अधिकारियों श्रीमती कीर्ति जैन (करतला परियोजना अधिकारी) और श्रीमती अनुभूति पांडे (पर्यवेक्षक, उरगा सेक्टर) आदि सहित अन्य शामिल रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामुदायिक कल्याण की दिशा में एक सराहनीय प्रयास बताया।अदाणी समूह द्वारा अपने सामुदायिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायपुर, सरगुजा, दुर्ग, बलौदा बाजार-भाटापारा एवं बिलासपुर जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास एवं आजीविका उन्नयन के विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

### छत्रपाल सिंह राज सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष निर्वाचित

## पाली में संपन्न हुई सरपंचों की एक अहम बैठक



**कोरबा ।** कोरबा जिले के शिव नगरी पाली स्थित विश्राम गृह में जिला सरपंच संघ का विधिवत गठन किया गया। इस अहम बैठक में जिले के पाँचों विकासखंडों के सरपंच संघ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में सरपंच साथी मौजूद रहे। सर्वसम्मति से पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम मांगामार के सरपंच छत्रपाल सिंह राज को जिला सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियाँ की गईं।

विजय कुमार मझवार (कोरबा विकासखंड) को सचिव, प्रताप मरावी (पोड़ी-उपरोड़ा) को कोषाध्यक्ष तथा स्नेह लता एवं श्रवण कुमार तंवर को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं रजनीश मरावी (पाली विकासखंड) को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।संघ के संरक्षक पद पर दिलाराम नेताम (पाली) और चंद्रिका देवी पोर्ते (पोड़ी उपरोड़ा) को मनोनीत किया गया। इसके अलावा मनोज बाई कंवर (पोड़ी-उपरोड़ा) को महामंत्री तथा मुकेश कुमार राठिया (करतला) को संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिले के प्रत्येक विकासखंड से छह-छह सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा।

## मुड़ापार में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान

### महापौर संजू देवी राजपूत ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**कोरबा ।** संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर, मुड़ापार में सामाजिक जागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज, विशेषकर युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालकर स्वस्थ, सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण करना रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोरबा नगर निगम की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत रहीं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि नशे की लत अपराध, घरेलू हिंसा, आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव जैसी अनेक समस्याओं को जन्म देती है, जिससे पूरे समाज को नुकसान उठाना पड़ता है।

महापौर श्रीमती राजपूत ने युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे नशे से दूर रहकर अपने जीवन को सही दिशा दें। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और यदि युवा वर्ग नशे की चपेट में आ गया, तो इसका सीधा प्रभाव समाज और राष्ट्र की प्रगति पर पड़ेगा। उन्होंने लोगों से नशे के विरुद्ध केवल संकल्प लेने तक सीमित न रहकर, अपने जीवन में उसे पूरी निष्ठा से लागू करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी, मातृ शक्ति एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि नशा व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और कार्यक्षमता को धीरे-धीरे समाप्त कर देता है। साथ ही यह सामाजिक अपराधों को भी बढ़ावा देता है। कार्यकर्ताओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए निरंतर जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई, ताकि कोरबा जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।




## जनपद अध्यक्ष की पहल से ग्राम चुईया को मिली बड़ी सौगात-वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

### ग्राम पंचायत चुईया में नए पीडीएस भवन का हुआ भूमिपूजन

**कोरबा ।** कोरबा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया के सतत प्रयासों से ग्राम पंचायत चुईया के ग्रामीणों को बड़ी राहत और सुविधा मिलने जा रही है। वर्षों से लंबित मांग को पूरा करते हुए गांव में नवीन सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। ग्राम पंचायत चुईया में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया के मुख्य आतिथ्य में विधिवत भूमिपूजन कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया ने ग्रामीणों के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि पीडीएस भवन के निर्माण से अब ग्रामीणों को राशन वितरण में सुविधा मिलेगी, साथ ही व्यवस्था और पारदर्शिता भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने पीडीएस भवन की स्वीकृति को लेकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह मांग लंबे समय से की जा रही थी, जो अब जनपद अध्यक्ष के प्रयासों से साकार हुई है। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि के लिए अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती अभिमन्यु राठिया का आभार जताते हुए इसे ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत कोरबा अध्यक्ष श्रीमती बिजमोती राठिया, प्रतिनिधि अभिमन्यु राठिया, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या देवी कंवर, प्रतिनिधि विश्वनाथ कंवर, जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक-1 प्रतिनिधि राममुरत कंवर, सरपंच श्रीमती पूजा शिवराज सिंह राठिया, सचिव सुरेश खूंटे, उपसरपंच श्रीमती शाजिया इरफान जामीन, ग्राम पंचायत चुईया के पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ, फूलमाला एवं साल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया तथा ग्राम के सर्वांगीण विकास में सहयोग का संकल्प लिया। नवीन पीडीएस भवन के निर्माण से चुईया ग्राम के नागरिकों को नियमित एवं व्यवस्थित राशन वितरण की सुविधा मिलेगी, जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा।

## पोटापानी पहुंचा लोनर,ग्रामीणों में दहशत

**कोरबा-पाली।** ग्राम पोटापानी के आश्रित मोहल्ला सोनाईपुर में शनिवार से एक लोनर हाथी के विचरण से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथी की लगातार आवाजाही को देखते हुए वन विभाग ने अलगीडांड, पोटापानी, भंडारखोल, कपोट, घुईचुआ और हाथीबाड़ी सहित आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार हाथी दिन के समय जंगल की ओर चला जाता है, जबकि शाम ढलते ही आबादी के नजदीक देखा जा रहा है। इससे किसानों और ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा गांवों में मुनादी कराई जा रही है, जिसमें लोगों को रात के समय घरों से बाहर न निकलने, खेतों की ओर अकेले न जाने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई है।ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने ग्रामीणों को शाम के समय समूह में रहने और अलाव जलाकर एक-दूसरे के संपर्क में रहने की अपील की है, ताकि किसी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मिल सके। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि हाथी को देखकर मोबाइल से सेल्फी या वीडियो बनाने का प्रयास न करें, क्योंकि हाथी के नजदीक जाना जानलेवा साबित हो सकता है।

यदि हाथी कहीं भी दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी वन चौकी या वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देने की अपील की गई है। प्रशासन और वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों से संयम, सावधानी और सहयोग बनाए रखने की अपील की गई है।

### जुआड़ियों पर कार्रवाई

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कुसमुंडा और बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के सीमाओं में इन दिनों जुवा जोर शोर से चल रहा है, जुवारी संगठित रूप से यहां जुआ खिलवा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस का डर नहीं है लेकिन कुछ पुलिस के कर्मचारियों की मिली भगत ऐसे जुआड़ियों के हौसले बुलंद करते आ रहे है । ऐसा नही है कि जुआ खेलने और खिलाने वाले कोई नए लोग है बल्कि इस खेल के माहिर लोगो के द्वारा जुआ का फड़ सजाया जा रहा है । लम्बे समय से जुआ का खेल को खेलने वाले अपने तमाम कोशिशों को करते हुए जुआ का फंड सजाते आ रहे है । इसके लिए कुछ एक पुलिस के जवानों को जुआ में मिलने वाली राशि का एक हिस्सा दिया जाता है । जिसके कारण ही पुलिस के छापा मारने से पहले ही जुआड़ियों को इनकी जानकारी मिल जाती है । उसके बाद भी जुआ फड चलाने वाले सूचना देने मुखबिर को तैनात कर रखे है, परंतु उनकी चतुराई कभी कभी धरी की धरी रह जाती है।

ताजा मामला बाक़ी थाना क्षेत्र का है ।

## आदर्श नगर में रामकथा का समापन

**बांकीमोंगरा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत आदर्श नगर कुसमुंडा क्षेत्र में पिछले सात दिनों से चल रही आध्यात्मिक श्री राम कथा का आज भव्य और भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथावाचक श्री तिलक आध्यात्मिक के मुखारविंद से भगवान श्री राम के पावन चरित्र का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया।इस पुनीत आयोजन के समापन समारोह में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा भी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्य तिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा , भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पार्षद दिलीप दास सहित अन्य अतिथियों का महिला समितियों के द्वारा तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । साथ ही सभी ने कथा व्यासपीठ का पूजन किया और दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान श्री राम का आशीर्वाद लिया।

इस अवसर भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा अपने उद्बोधन में कि 'श्री राम कथा हमें जीवन जीने की सही दिशा दिखाती है। यह धर्म, नैतिकता और मानवीय मूल्यों का सुंदर समावेश है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मकता और सद्भाव बढ़ता है।' उन्होंने कथा आयोजकों की सराहना की।

भक्तिमय माहौल: सात दिनों तक चले इस आयोजन में रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे कुसमुंडा आदर्श नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा।आयोजकों का आभार: आध्यात्मिक श्री राम कथा समितियों कथा वाचक श्री तिलक आध्यात्मिक के द्वारा ने मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।आयोजकों ने बताया कि यह कथा नगर और आसपास के क्षेत्रों में शांति और एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा व भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, पार्षद दिलीप दास , सोनू पांडे सहित आसपास के भारी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल रहे हैं। अन्त में आयोजकों ने आध्यात्मिक आश्रम भवन में किचन रुम की आवश्यकता होने की बात कही जिसपर पालिका अध्यक्ष ने सभी को आश्वासन दिया कि जल्द ही आने वाले दिनों में यह किचन रुम सहित अन्य जरुरत कि कार्य किया जाएगा।

## चरणदास महंत ने जन्मदिवस को बदला सेवा और पर्यावरण समर्पित उत्सव में

**कोरबा ।** समाजसेवा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहने वाले प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इस वर्ष अपना जन्मदिवस पारंपरिक उत्सवों से हटकर सेवा, संवेदना और प्रकृति संरक्षण को समर्पित करते हुए मनाया। उनके जन्मदिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में वृहद वृक्षारोपण अभियान एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को साल-कंबल वितरण जैसे मानवीय एवं जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण अभियान से हुई, जिसमें छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को पौधों के संरक्षण, नियमित देखभाल और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल आज की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा और भविष्य का आधार हैं। इसके पश्चात जरूरतमंद एवं गरीब व्यक्तियों को साल और कंबल का वितरण किया गया। ठंड के मौसम में यह सहायता पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष साफ नजर आया। सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि चरण दास महंत का जीवन समाजसेवा, सादगी और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण है। उनके जन्मदिवस को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना वास्तव में एक प्रेरणादायी पहल है।


इस अवसर पर चरण दास महंत के विचारों को साझा करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने विशेष अवसर जैसे जन्मदिवस, वर्षगांठ आदि को वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और जरूरतमंदों की सेवा से जोड़ना चाहिए, ताकि समाज और प्रकृति दोनों का भला हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने चरण दास महंत जी के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर समाजसेवा की कामना करते हुए उनके इस सेवा-समर्पित जन्मदिवस आयोजन की सराहना करी।

## भारत के पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स के दौरान ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए दिए गए पुरस्कार

**कोरबा।** भारत में ऊर्जा की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने और दीर्घकालिक स्थायित्व के लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करने में बेहतरीन तकनीकी नवाचारों को सम्मानित करने के लिए, डीवी कपूर फाउंडेशन ने 12 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली स्थित स्कोप कॉम्प्लेक्स में पहले डीवी कपूर फाउंडेशन एनर्जी इनोवेशन अवॉर्ड्स का आयोजन किया।भारत सरकार में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ सुरेश प्रभु, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं चेयरमैन, डीवी कपूर फाउन्डेशन; पद्म विभूषण, डॉ अनिल काकोडकर, पूर्व चेयरमैन, एटॉमिक एनर्जी कमिशन और ग्रैंड जूरी के चेयरमैन; डॉ डीवी कपूर, फाउन्डेशन के संस्थापक और एनटीपीसी लिमिटेड के फाउंडर चेयरमैन; श्री आरवी शाही, पूर्व सचिव (एमओपी) एवं ट्रस्टी सदस्य, डीवी कपूर फाउन्डेशन एवं ग्रैंड जूरी के सदस्य; डॉ अजय माथुर, पूर्व महानिदेशक, इंटरनेशनल सोलर अलायन्स; तथा डॉ रंगन बैनर्जी, डायरेक्टर (आईआईटी-दिल्ली), एनटीपीसी के वरिष्ठ लीडर्स और ऊर्जा सेक्टर के लीडर भी मौजूद रहे। पुरस्कार दो श्रेणियों में दिए गए: 38 वर्ष से कम उम्र के युवा इनोवेटर्स को कैटेगरी 1 में सम्मानित किया गया। वहीं कैटेगरी 2 में व्यक्तियों एवं संगठनों को तकनीकी इनोवेशन्स के लिए पुरस्कार दिए गए।डॉ. अचु चंद्रन, प्रिंसिपल साइंटिस्ट, को 'नैनो इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर' के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए कैटेगरी 1 में एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला।एनटीपीसी की आर एंड डी विंग, नेत्रा को 'ग्रीन यूज़ ऑफ़ कोल टेक्नोलॉजीज़' के क्षेत्र में आधुनिक अनुसंधान के लिए कैटेगरी 2 में पुरस्कार मिला। श्री शश्वतम, ईडी (नेत्रा) ने अपनी टीम के साथ यह पुरस्कार प्राप्त किया, जिसमें एक प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 10 लाख रुपये का नकद इनाम शामिल था।डीवी कपूर फाउंडेशन ऊर्जा सेक्टर में तकनीकी इनोवेशन को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान, विकास एवं ऐसे स्वदेशी

# जीवन में कर्म, धर्म और भक्ति का स्वरूप समझे बिना मुक्ति संभव नहीं : युगल शरण

**जांजगीर चांपा।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के 12वें दिन स्वामी युगल शरण ने कर्म मार्ग विषय पर अत्यंत सरल एवं गूढ़ शैली में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में कर्म, धर्म और भक्ति का स्वरूप समझे बिना मुक्ति संभव नहीं। सुबह सात बजे आयोजित साधना कक्षा में स्वामी जी ने हरे राम महामंत्र के महात्म्य का वर्णन किया, जिसे सुनकर साधक भावविभोर हो उठे और उनकी आंखों से प्रेमाश्रु झरने लगे। स्वामी जी ने कहा कि वेद कर्म के सही स्वरूप की शिक्षा देते हैं सत्यं वद, धर्मं चर, माता-पिता और गुरु की सेवा ही मानव का प्रथम धर्म है। लेकिन आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने अनुभव किया है कि मात्र कर्मकांड से मुक्ति संभव नहीं, इससे केवल स्वर्ग की प्राप्ति होती है, जहाँ पुनः पतन निश्चित है। मुण्डकोपनिषद् के आधार पर उन्होंने कहा कि कर्म से ब्रह्म की



प्राप्ति नहीं, भक्ति ही मार्ग है। उन्होंने कर्म के चार रूप-नित्य, नैमित्तिक, काम्य और प्रायश्चित - का विशद वर्णन करते हुए बताया कि कलयुग में शास्त्रसम्मत कर्मकांड करना लगभग असम्भव है। त्रुटि होने पर दंड का भय रहता है। इसलिए कृष्ण ने गीता में अर्जुन को कर्म-धर्म के जंजाल से ऊपर उठकर शरणागति का संदेश दिया। स्वामी जी ने कर्म, विकर्म, अकर्म (कर्मयोग) और कर्मसंन्यास के बीच स्पष्ट भेद बताते हुए कहा कि कर्मयोगी शरीर से कर्म करता है पर मन भगवान में स्थिर रखता है, इसलिए उसे भगवत्प्राप्ति संभव है।

जबकि कर्मसंन्यासी का आचरण साधारण लोग अपनाएंगे तो वे विकर्मी बन सकते हैं, इसलिए लोकसंग्रह हेतु कर्मयोग श्रेष्ठ है। उन्होंने चेताया कि विकर्मी न तो धर्म करता है न भक्ति, इसलिए उसका उद्धार कठिन है। किंतु कर्मी सही मार्गदर्शन पाकर कर्मयोगी बन सकता है। स्वामी जी ने कहा केवल कर्म निंदनीय है, कर्म भक्ति वंदनीय है। अंत में उन्होंने कहा कि दो धर्म हैं- शारीरिक (अपर) और आध्यात्मिक (पर)। मनुष्य को शरीर भरण-पोषण हेतु नहीं, आत्मा के वास्तविक धर्म-भक्ति के लिए मिला है।

## डॉ चरण दास महंत के जन्मदिवस पर कंबल वितरण किया गया



**चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के 13 दिसंबर को जन्म दिवस के अवसर पर उनके मंशानुरूप जिसमें उन्होंने अपील की थी कि मेरे पारिवारिक एवं मित्रों के अचानक देवलोक गमन हो जाने से मन उदास है मुझसे मिलकर शुभकामनाएं देने के बजाय जरूरतमंदों क ो मदद कर दी जाए या एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने की कोशिश करें और वहीं से सभी के खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें उनके इसी भावना के अनुरूप शहर के कांग्रेसी नेताओं ने बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय में मरीजों एवं उनके परिजनों को ठंड के मौसम में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पूर्व पार्षद नागेंद्र गुप्ता के सौजन्य से शहर कांग्रेस द्वारा कंबल का वितरण किया गया एवं डॉ महंत को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया इस अवसर पर काय.ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत, पूर्व आयोग सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, चाम्पा ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, जिला उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, किशन सोनी,नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, पार्षद ललित देवांगन,तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, पुरषोत्तम देवांगन, पवन आर्य, गिरधर देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, श्रीमती रामबाई स्वर्णकार, पूर्व पार्षद डुग्गु प्रधान,गोविन्द देवांगन, अनिता प्रकाश, गोविंदा वैष्णव, इकबाल अंसारी, जफर अंसारी, राकेश जोशी, परदेशी केंवट, विष्णु गाड़ा, सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की नई टीम से मजबूत होगा संगठन: ब्यास

**नवागढ़।** नवागढ़ में नव-नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला का कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत - किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि नए अध्यक्षों की नियुक्ति से जिला संगठन और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही युवा कार्यकर्ताओं से संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता लाने की अपेक्षा व्यक्त की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला ने कहा कि संगठन की मजबूती हर कार्यकर्ता की निष्ठा और सक्रियता पर निर्भर करती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में > कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय से निष्ठा के साथ संगठन के लिए कार्य किया है,

जिसके आधार पर उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जिले में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा तीनों विधानसभाओं में कार्यकर्ताओं के सहयोग से अधिक मार्जिन से जीत दर्ज कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाई जाएगी। कार्यक्रम के अंत में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर केशरवानी ने आभार व्यक्त

किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें गौरव सिंह, लाला जायसवाल, गोविंद केशरवानी, वाजिद खान, राकेश चंद्रा, राजू साहू, किशनं बघेल, राजेश्वर चंद्र, भूपेंद्र यादव, आकाश सिंह, विजय यादव, अशोक बर्मन, शिवा शास्त्री, पवन देवांगन, गोविंद खरसान सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## विद्यार्थियों ने अमरताल निधिवन का शैक्षणिक भ्रमण किया

**जांजगीर।** फर्स्ट स्टेप इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से अमरताल स्थित प्रसिद्ध निधिवन (आनंदम रिसॉर्ट परिसर) का शैक्षणिक व मनोरंजक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक वातावरण, हरियाली, वृक्षों और जैव विविधता को नजदीक से देखा और पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को समझा। शिक्षकों ने बच्चों को प्रकृति से जुड़ाव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में आपसी सहयोग, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार का विकास हुआ। सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से भोजन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

## पुलिस का वार्षिक फायरिंग अभ्यास शुरू

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पुलिस जवानों का वार्षिक फायरिंग अभ्यास बलौदा क्षेत्र के जर्वे फायरिंग रेंज में शुरू हो गया है। यह अभ्यास पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य पुलिस जवानों की निशानेबाजी क्षमता, आत्मविश्वास, कार्यकुशलता और हथियार संचालन कौशल को मजबूत करना है। इसका लक्ष्य उन्हें किसी भी आपातकालीन या चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम बनाना है।प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों को कई आधुनिक हथियारों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग का अभ्यास कराया जा रहा है।

# चोरभट्ठी में सोन नदी किनारे 50 से ज्यादा अवैध ईंट भट्ठे आबाद

**जैजैपुर ।** जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी में सोननदी के किनारे स्थित शासकीय भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यहां करीब 50 से 60 ईंट भट्ठे संचालित हैं, जिनमें चोरी के कोयले का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही नदी तट पर भारी मात्रा में राखड़ (फ्लाई ऐश) का अवैध भंडारण कर खुलेआम कारोबार किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण और राजस्व दोनों को गंभीर क्षति पहुंच रही है। इस अवैध

गतिविधि को लेकर शिकायत मिलने के बाद सक्ति एसडीएम द्वारा तहसीलदार जैजैपुर के माध्यम से जांच टीम गठित की गई थी। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर केवल 8 ईंट भट्ठों की जांच कर औपचारिकता निभाई। जांच में यह स्पष्ट रूप से



सामने आया कि जिन भट्ठों की जांच की गई, वे सभी शासकीय भूमि पर अवैध रूप से संचालित पाए गए। जांच रिपोर्ट सामने आने के बावजूद एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो अवैध ईंट भट्ठों को बंद कराया गया और न ही दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई की गई। कार्रवाई न होने से कोयला और राखड़ माफियाओं के हौसले बुलंद हैं और अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। इस पूरे मामले में जब खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो किसी भी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया। अधिकारियों की यह चुप्पी मामले को और भी संदेहास्पद बना रही है।

खनिज विभाग की भूमिका पर सवाल

अवैध खनन, चोरी के कोयले के उपयोग और राखड़ के गैरकानूनी भंडारण को रोकने में खनिज विभाग पूरी तरह नाकाम नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग की चुप्पी केवल लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत की आशंका को जन्म देती है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों और पर्यावरणीय नुकसान का यह सिलसिला और भयावह हो सकता है।

# ज्ञानदीप जांजगीर का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न



**जांजगीर-चांप।** ज्ञानदीप स्कूल जांजगीर का राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आज संस्था प्राचार्य डॉ अखिलेश कटकवार के दिशा निर्देशों पर संचलित करते हुए संपन्न हो गया। इस वर्ष की थीं के अनुसार ही शिविर के सभी कार्य संपन्न हुए। शिविर खोखरा में आयोजित हो रहा था। आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी शिविरार्थी 5 बजे उठकर अपने दैनिक क्रियाकलापो से मुक्त होकर 6 बजे योग अभ्यास प्राणायाम के लिए बैठे और सभी शिविराथियो ने योग के सभी योगों का अभ्यास किया उसके पश्चात 8 से 9 बजे तक चाय नाश्ता किया चाय नाश्ता करने की पश्चात सभी शिविरार्थी सिविर स्थल की साफ सफाई की उसके पश्चात कुछ समय विश्राम किया। शिविर दिनचर्या अनुसार आज भी सभी क्रियाकलाप पूर्ण किए आज के समापन कार्य में उपस्थित मुख्य अतिथि अजय राठौर सरपंच

प्रतिनिधि खोखरा उपस्थित रहे उन्होंने खुशी व्यक्त किया कि ज्ञानदीप स्कूल जांजगीर के विद्यार्थी ने शिविर बहुत अच्छे सम्पन्न किया। सरपंच ने सभी शिविरार्थियों से उनके सात दिवसीय विशेष शिविर के अनुभव को जाना तथा सभी को शिविर की सफलता के लिए बधाई दी। फिर सभी को प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह दे कर देकर सम्मानित किया

सरपंच ने उद्बोधन में का उत्साहवर्धन किया। सभी शिविरार्थियों ने अपना अपना अनुभव साझा किया स भ ी विद्यार्थियों ने अपना अलग-अलग अनुभव ने बताया कि मुझे अच्छा लगा और बताया। शशांक देवांगन इस कैंप में आकर बहुत मुझे बहुत सारी नई चीज़ सीखने के लिए मिली साथ ही मेरे दिनचर्या में बदलाव भी, आया। राकेश नट ने समापन कार्य में स्वागत गीतों से अतिथियों का स्वागत किया। इस सात दिवसीय शिविर में शिवरात्रियों का दल का गठन कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया था। जिसमें दल के मुख्य आयुष रात्रे, प्रणव धोसले हरीश कंवर, तथा हिमांशु नवनीत थे। इन सभी ने दल का सही तरीके से नेतृत्व किया। परियोजना कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में प्रति दिन युवराज, गौतम कश्यप, दक्ष पांडे आदि ने भोजन व्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विशिष्ट अतिथि के रूप में आए हुए एल एस गौतम ने सभी शिवरार्थियो को को राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें प्रेरणा दी। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी देव कश्यप ने भी अपने अनुभव सभी को साझा करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हे बहुत सारी नई चीज जानने तथा सीखने की मिली साथ ही उचित प्रबंधन का ज्ञान भी हुआ। अंत में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए तथा आए हुए अतिथि का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## रोजाना स्कूल आकर और अनुशासन में रहकर सफलता प्राप्त कर सकते हैं विद्यार्थी: कोसले

**मालखरौदा ।** 12 दिसंबर को शासकीय वेदराम महाविद्यालय, मालखरौदा में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. जांगड़े की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पालक शिक्षक संघ के संयोजक वासुदेव एक्का ने बैठक के एजेंडों पर चर्चा की और पालक शिक्षक संघ की महत्ता के बारे में विस्तार से व्याख्यान दिया।

प्राचार्य डॉ. जांगड़े ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय आने और मर्यादित व्यवहार रखने की सलाह दी। उन्होंने नैतिक मूल्यों को जीवन में प्राथमिकता देने की बात भी कही और पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें पर्याप्त समय दें। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष लोकेश चंद्रा ने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखने और पूरी निष्ठा से अध्ययन करने की अपील की। अभिभावक अशोक जलतारे ने महाविद्यालय को शिक्षा का मंदिर बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षकों और पालकों की कठोरता को सकारात्मक रूप में लेने की सलाह दी।

# लिमिट को बढ़ाते हुए किसानों को हो रही परेशानियों को तत्काल दूर किया जाए:ब्यास कश्यप

**जांजगीर ।** किसानों को धान खरीदने में टोकन काटने से लेकर अन्य सभी परेशानियों को तत्काल दूर किया जाए वहीं रोजाना के धान खरीदी की लिमिट को तत्काल बढ़ाया जाए, ऐसा नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी, उक्ताशय की बात जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप ने विधायक कार्यालय जांजगीर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। श्री कश्यप ने बताया कि इस बार धान खरीदी वैसे ही विलंब से शुरू किया गया। पहले 01 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ हो जाती थी, इस बार 15 नवंबर से प्रारंभ हुआ, कुछ खरीदी केन्द्रों में तो दो चार दिन पहले ही धान खरीदी प्रारंभ हो पाई है। 31 जनवरी तक धान लिया जाएगा, उसमें भी दस बारह दिन शनिवार, रविवार और दूसरे अवकाश के नाम से खरीदी बंद रहेगी। जनवरी के प्रथम सप्ताह में नहर से रवि फसल के लिए पानी दे दिया जाएगा जिससे किसान उसमें व्यस्त हो जाएंगे, ऐसे में किसानों के पास धान खरीदी के लिए पर्याप्त समय नहीं है। कई किसानों का अभी तक पूरा पंजीयन नहीं हो पाया है वहीं जिन किसानों का पंजीयन हो गया है वो जब धान बिक्री के लिए टोकन कटाने की कोशिश करते हैं तो लिमिट की वजह से टोकन नहीं कर पा रहा है, कहीं 3 सौ किंटल, कहीं 5 सौ किंटल और बढ़े खरीदी केन्द्रों में 1 हजार किंटल की लिमिट है जिससे



की किसानों को धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल पा रहा है जिससे की वो अपने खून पसीने की कमाई को नहीं बेच पा रहे हैं। एक दिन पहले मुकुंद सोसायटी का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया था वहां भी दो सौ से ज्यादा किसान और

महिलाएं खरीदी केन्द्र को घेरकर खड़े हुए थे। सभी धान नहीं बिकने से परेशान थे। पहले लोग जिस दिन उनका नंबर आता पहले से अपना धान खरीदी केन्द्रों में पंहुचा देते, अब नौ बजे खरीदी केन्द्र खुलता है, धान का मिलान होता है उसमें समय लगता है फिर लिमिट की वजह से दोपहर बाद खरीदी केन्द्र खाली हो जा रहे हैं। सरकार ने एक लाख 60 हजार मिट्रिक टन धान खरीदने का

लक्ष्य रखा है लेकिन ऐसा लगता है कि सरकार जान बूझकर लक्ष्य को प्राप्त नहीं करना चाहती है। उन्होंने लिमिट बढ़ाने के लिए जांजगीर चांपा के कलेक्टर जन्मेजय महोबे से भी बात की है। धान खरीदी में किसानों को हो रही सभी परेशानियों को तत्काल दूर करते हुए सरकार लिमिट बढ़ाए जिससे की किसान अपनी मेहनत की कमाई को उचित मूल्य में बेच सके अन्यथा कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

किसानों से किसी तरह की पैसे की मांग ना हो ब्यास कश्यप ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के समय कुछ स्थानों पर उन्हें बोरी में निर्धारित मात्रा से ज्यादा तौल किए जाने की शिकायत मिली है तो वहीं हमाल शुल्क के लिए में किसानों से कहीं 6 रूपए तो कहीं 7 रुपए बोरा लिए जाने की भी शिकायत किसानों के द्वारा की गई है। किसानों से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त धान नहीं लिया जाए। उन्होंने किसानों से निवेदन किया की हमालों का पैसा शासन की ओर से दिया जाता है इसलिए किसान जागरूक हो और किसी भी तरह का अतिरिक्त पैसा नहीं दे। किसी भी तरह से धान बेचने में परेशानी होने पर किसान उनसे संपर्क कर सकते हैं।

## बाराद्वार स्टेशन अब चौथी लाइन से जुड़ा

**जांजगीर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-झारसुगुड़ा रेल मार्ग पर चौथी लाइन परियोजना के तहत बाराद्वार स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का काम पूरा कर लिया गया है। इस रूट पर तीन लाइन होने के बावजूद ट्रेनों की बढ़ती आवाजाही के कारण पंक्चुएलिटी और परिचालन में चुनौतियां थीं।

## राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान से विभूषित होंगी रशिका भोपालपुरिया

**जांजगीर-चांपा ।** शहर नैलाजांजगीर की प्रतिभाशाली छात्रा रशिका भोपालपुरिया ने भारत हिन्दी विकास संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रभाषा हिंदी ओलपियाड परीक्षा-2025 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित की हैं । प्रतिष्ठित फर्म चंद्रभान ऋषि कुमार मेडिकल स्टोर्स के संचालक नीरज भोपालपुरिया की सुपुत्री सुश्री रशिका क्लास -3 देहली पब्लिक स्कूल, जांजगीर-चांपा की प्रतिभावान छात्रा हैं और छोटी-सी उम्र में उनकी इस उपलब्धि से समूचा अग्रवाल समाज गौरवान्वित तथा हर्ष से अभिभूत हैं। रशिका को दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित होने वाले भव्य सम्मान समारोह में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कर कमलों से सम्मानित किया जाएगा। अग्रवाल परिवार बिटिया की इस उपलब्धि पर हर्षित हैं और रशिका, नीरज और उनके परिवार को बधाई देते हुए प्रेस क्लब चांपा अध्यक्ष डॉ कुलवंत सिंह सलूजा, पवन कुमार अग्रवाल, शशिभूषण सोनी, गौरव गुप्ता तथा राजेश कुमार राठौर ने उज्ज्वल भविष्य की कामना किया । राष्ट्र-भाषा हिन्दी ओलिंपियाड परीक्षा - 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन। देहली पब्लिक स्कूल, जांजगीर-चांपा क्लास-3 की प्रतिभावान छात्रा। प्रधानमंत्री संग्रहालय में भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किए जाने का गौरव। जांजगीर-चांपा जिला सहित अग्रवाल समाज में गर्व और हर्ष की लहर व्याप्त प्रेस क्लब जांजगीर-नैला, चांपा परिवार की ओर से बधाईयां ।

## जानलेवा कोहरा: तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, एक की मौत, पांच यात्री घायल

**जांजगीर।** चांपा रेलवे स्टेशन से रविवार की सुबह सवारी लेकर जा रही ई-रिक्शा घने कोहरे के कारण हादसे का शिकार हो गई। कोहर के बीच ई-रिक्शा चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और करनौद के पास सड़क किनारे अनियंत्रित होकर पलट गया।

# डॉ महंत के बर्थडे पर स्वास्थ्य जांच कर बांटे गर्म कपड़े

**सक्ति।** डॉक्टर चरण दास महंत विधायक के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया विभिन्न आयोजन किया गया । इस अवसर पर सवेरे 9:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति में मरीजों को प्रतिवर्ष की भांति अधिवक्ता राकेश महंत एवं उनके साथियों द्वारा फल बिस्किट वितरण किया गया एवं कचहरी परिसर शक्ति में 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो अधिवक्ताओ, न्यायालयीन कर्मचारियो , लोक अदालत में आए सैकड़ो पक्षकारो, पत्रकारों ,ग्रामीणो एवं नागरिकों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया तथा आवश्यकता अनुसार दवा प्राप्त किया । इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश महंत ने डॉ चरण दास महंत की उत्तम स्वास्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना ईश्वर से करते हुए डॉक्टर चरण दास महंत को जन प्रिय, सच्चे जनसेवक, जननायक गरीबों का मसीहा निरूपित किया । अधिवक्ता राकेश महंत ने अपने सैकड़ो सहयोगियों के साथ दोपहर 2:00 बजे वार्ड नंबर 5 निज निवास मातृ पितृ छाया मे केक काटकर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरण दास का जन्मोत्सव मनाया गया तथा जरूरतमंद



महिलाओं को गर्म वस्त्र वितरित किया। उक्त कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद चौबे जिला अधिवक्ता शक्ति के उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल सचिव सूरित राम चंद्रा अधिवक्ता संघ शक्ति के पूर्व अध्यक्ष संदीप बनाफर स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य लीलाधर चंद्रा संतोष जायसवाल महिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अलका जायसवाल पूर्व अध्यक्ष ऋषिकेश चौबे,देवेंद्र निर्मलकर, मनोज जायसवाल, गिरधर जायसवाल, महेश अग्रवाल, चितरंजय पटेल, उदय वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मनोज अग्रवाल, प्रदीप गबेल त्रिभुवन जांगड़े, धर्मेंद्र प्रसाद सोन, पार्षद संतोष लाला सोनी, प्यारेलाल पटेल, रन साय बरेठ,संत राम उरांव, श्याम उरांव, शांति बाई, ज्ञानमती, ताराबाई, उर्मिलाबाई, दादू चंद्रा, प्रमोद पांडे, फूलबाई, फिरत बरेठ, अनीता महंत, जय महंत, , रथ राम पटेल, दिनेश बरेठ, परमेश्वर जायसवाल क्लेश पटेल, ,पवन शर्मा, पीयूष राय, ,ईश्वर देवांगन, सुभाष शर्मा, गजाधर साहू , दुर्गा साहू, मुन्ना पटेल भीम देवांगन, संतोष साहू ,अश्वनी राठौर, अजीत सिंह क्षत्रिय, चंद्र कुमार भारद्वाज, हुलास राम चौहान, छवि पटेल उमाकांत साहू ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के चिकित्सा अधिकारी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कल्पना राठौर डॉक्टर अतिक शेख, डॉ संगीता चंदेल, धनीराम राठौर, अच्छे राम साहू, राजकुमार भगत, प्रतिभा कृषक, प्रतिभा साहू, पूनम पटेल, खुशबू राठौर, विजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे ।

## अपार आईडी नहीं बनी तो प्राचार्यों का रुकेगा वेतन, मान्यता होगी रद्द

**जांजगीर।** जांजगीर-चांपा जिले में विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण प्रक्रिया को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपना लिया है।

विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निर्धारित समय-सीमा में अपार आईडी निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं किया गया, तो जनवरी माह में सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों का वेतन रोका जाएगा, वहीं निजी (अशासकीय) स्कूलों की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। इस सख्त चेतावनी के बाद जिले भर के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में हड़कंप मचा हुआ है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिले में वर्तमान में केवल 85.2 प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी का निर्माण पूर्ण हो सका है।


## आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण के द्वारा गठित जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के आदेश क्रमांक 3835/ DEIAA/ EC/ Jan / 2017 Janjgir dated 22/03/2017 के द्वारा पार्टनर- श्री गौरव गोयल, किरारी की चूनापथर खदान (गौण खनिज ) (2.440 हेक्टेयर) पर खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त पर्यावरणीय स्वीकृति आदेश की प्रतियाँ सचिवालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में अवलोकन हेतु उपलब्ध है। साथ ही इनका अवलोकन डी ई आई ए ए छत्तीसगढ़ की वेबसाइट www.deiaacg.org पर भी किया जा सकता है। अतः सर्वसाधारण को सूचित हो।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
(पार्टनर - श्री गौरव गोयल)

## अनमोल वचन......

मैं उन चीजों पर पछतावा करना पसंद करूंगी जो मैंने की हैं, बजाय उन चीजों के जो मैंने नहीं की हैं।

# भारत के लिए बेहद मुश्किल घड़ी

स्थिति इसलिए अधिक गंभीर है, क्योंकि रुपये की कीमत उन अधिकांश देशों की मुद्राओं की तुलना में गिरी है, जिनसे भारत कारोबार करता है। बीते एक साल में 40 विदेशी मुद्राओं के बास्केट की तुलना में रुपया सस्ता हुआ है। रुपया गिरते-गिरते एक अमेरिकी डॉलर की तुलना में 90 की मनोवैज्ञानिक संख्या को पार कर गया है। मुद्रा की गिरती कीमत के साथ विनिमय बाजार में देश में उत्पादित सामग्रियां सस्ती होती हैं। उनके परिणामस्वरूप श्रम एवं लागत सामग्री का मूल्य गिरता है। इस तरह यह कुल मिलाकर संबंधित देश में जीवन स्तर को नीचे ले जाता है। भारत के साथ अभी ये बात इसलिए अधिक गंभीर हो गई है, क्योंकि रुपये की कीमत उन अधिकांश देशों की मुद्राओं की तुलना में गिरती चली जा रही है, जिनसे भारत कारोबार करता है। बीते एक साल में ऐसी 40 मुद्राओं के बास्केट की तुलना में रुपया सस्ता हुआ है। सबसे ज्यादा- 15.4 प्रतिशत- कीमत यूरो की तुलना में गिरी है।

अमेरिकी डॉलर की तुलना में ये गिरावट 6.1 फीसदी रही है। बताया गया है कि अक्टूबर में भारतीय निर्यात में 41 बिलियन डॉलर से अधिक की रिकॉर्ड गिरावट की खबर आने के बाद गिरावट की रफ्तार तेज हो गई। इससे जाहिर हुआ कि चालू खाता और पूंजी खाता दोनों में भारत को विदेशी मुद्रा गंवानी पड़ रही है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक शेयर बाजार के नकदी सेगमेंट से इस वर्ष 17 बिलियन डॉलर से अधिक निकाल चुके हैं। बहरहाल, ये फौरी वजहें हैं। असल मुद्दा दीर्घकालिक रुझान का है। अभी गुजरे हफ्ते ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की विनिमय दर व्यवस्था को घुटना-टेक (क्राउल-लाइक) श्रेणी में डाल दिया। इसके पहले वह इसे फ्लोटिंग से गिराकर स्थिरकृत (स्टैबलाइज्ड) श्रेणी में रखा हुआ था। फ्लोटिंग श्रेणी में मुद्रा अपनी ताकत से अपना मूल्य बनाए रखती है। स्टैबलाइज्ड श्रेणी वह होती है, जिसमें सेंट्रल बैंक अपने हस्तक्षेप से रुपये की एक निश्चित कीमत बरकरार रखता है। जब सेंट्रल बैंक ऐसा करने की इच्छाशक्ति खो देता है, तो आईएमएफ मुद्रा को क्राउल-लाइक श्रेणी में रखता है। कुल मिलाकर मुद्रा का मूल्य अर्थव्यवस्था की मूलभूत शक्ति का आईना है। अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर आशंकाएं बढ़ा रखी हैं। उसके परिणामस्वरूप चालू एवं पूंजी खातों की सूरत बिगड़ी है। उसकी झलक रुपये की कीमत में दिख रही है। कुल मिलाकर भारत के लिए बेहद मुश्किल घड़ी है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

**कर्क राशिः** आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नई दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

**धनु राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

# भारत की पंचायतों के लिए यह समय नवाचार और उद्यमियों की तरह सोचने का है

//सुशील कुमार लोहानी, रंजन घोष//

**1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के साथ, ग्राम पंचायतों (जीपी) को जमीनी स्तर पर स्व-शासन के एक नए युग का सूत्रपात करने के लिए सशक्त बनाया गया। आशा थी कि वे वित्तीय रूप से सशक्त, राजनीतिक रूप से जिम्मेदार और नवोन्मेषी होंगे। हालांकि, तब से काफी प्रगति हुई है, लेकिन यह विज़न अब भी केवल आधा ही पूरा हुआ है। अनुच्छेद 243एच के तहत अपना राजस्व जुटाने का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, अधिकांश ग्राम पंचायतें अब भी वित्तीय दृष्टि से राज्य और केंद्र सरकारों के हस्तांतरणों पर निर्भर हैं।**

पंचायती राज मंत्रालय (एमओपीआर) के नवीनतम आंकड़ों और राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के 2025 के अध्ययन के अनुसार, स्व-संसाधन राजस्व (ओएसआर) पंचायत वित्त में केवल 6-7 प्रतिशत का ही योगदान देता है। शेष 93-94 प्रतिशत अब भी अनुदानों से आते हैं। यह निर्भरता पंचायतों के स्थानीय पहलों को कमजोर कर रही है। वे आत्मनिर्भर स्थानीय शासनके बजाय सरकार की योजनाओं को लागू करने वाली एजेंसी बन गए हैं। इसे बदलने का समय आ गया है, केवल टैक्स नियमों की समीक्षा ही नहीं की जानी चाहिए, बल्कि पंचायतों को उद्यमशील मानसिकता भी अपनानी चाहिए।

यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्तीय नियंत्रण के बिना, ग्राम पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजना नहीं बना सकतीं या प्राथमिकता तय नहीं कर सकतीं। एनआईपीएफपी की रिपोर्ट बताती है कि जहाँ संपत्ति कर, उपयोगकर्ता शुल्क, या सामुदायिक संपत्ति के माध्यम से आर्थिक संभावनाएँ मौजूद हैं, वहां भी - नवाचार, डिजिटल प्रणाली और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी कार्य-प्रदर्शन को सीमित करती है। केरल, कर्नाटक और गोवा जैसे राज्यों का प्रति व्यक्ति ओएसआर अधिक है (क्रमशः 286, 148, और 1,635)। इनमें डिजिटल तरीके से टैक्स संग्रह और सामुदायिक भागीदारी भी है। दूसरी ओर, झारखंड, बिहार और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों का ओएसआर संग्रह लगभग नगण्य है। जैसा कि जोसेफ शुम्पेटर ने कहा है, उद्यमिता रचनात्मक परिवर्तन के बारे में है। पंचायतों के लिए, इसका मतलब है - निष्क्रिय संग्रह से सक्रिय सृजन की ओर बढ़ना। उन्हें स्वयं का फिर से आकलन करने, स्थानीय संपत्तियों से आय कमाने, सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने और आय को विकास में पुनः निवेश करने के तरीकों को खोजने की आवश्यकता है।

आईआईएम, अहमदाबाद (आईआईएम-ए) ने ओएसआर के संदर्भ में उद्यमिता की सर्वोत्तम प्रथाओं का दस्तावेज तैयार किया, इस दौरान कई सकारात्मक तथ्य सामने आए। उदाहरण के लिए, गुजरात के धरमज में, ग्राम पंचायत का वार्षिक बजट 5 करोड़ है, जिसकी आधी धनराशि स्थानीय रूप से प्राप्त आय से आती है। परती जमीन को बहुउद्देशीय पार्क में पुनर्विकसित करके, संपत्ति और जल टैक्स को डिजिटल रूप से एकत्र करके और अपने एनआरआई प्रवासियों के योगदान का लाभ उठाकर, इस गांव ने 2.5 करोड़ से अधिक का आरक्षित कोष तैयार कर लिया है। उत्तराखंड के सिरासु में, ग्राम पंचायत अपने दर्शनीय स्थलों में विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए नाममात्र शुल्क लेकर सालाना 15-20 लाख कमाती है। उन्होंने इसका उपयोग सौर प्रकाश और सड़कों के वित्तपोषण के लिए किया है। ओडिशा के मुकुंदपुरपटन में, ग्राम पंचायत की आय 2006 में 93,000 से बढ़कर 2018 में 36.78 लाख हो गई, जो मंदिर किराए, बाजार पट्टे और जिओ-टैग की गयी संपत्तियों के माध्यम से प्राप्त हुई। इन (और कई अन्य) ग्राम पंचायनों ने राज्य निधियों का इंतजार नहीं किया, बल्कि वे वित्तीय रूप से व्यावहारिक संस्थाओं में बदल गयीं।

फिर भी, इन उदाहरणों की संख्या बहुत कम है, जो आवश्यक बड़े बदलाव लाने के लिए पर्याप्त हो। अधिकतर पंचायतें कहाँ पीछे रह जाती हैं प्रमुख रूप से इसे राजनीतिक हिचक से जोड़ा जा सकता है, जो मतदाता के विरोध के डर से टैक्स लगाने से पीछे हट जाते हैं। कई ग्राम पंचायतेंअब भी संपत्ति का मूल्यांकन भौतिक रूप से (मैन्युअल) करते हैं, जिसमें खराब रिकॉर्ड और लागू करने की कमजोरप्रक्रिया के कारण मूल्यांकन बहुत कम होता है। उपयोगकर्ता शुल्क शायद ही कभी संशोधित किए जाते हैं। कुछ राज्यों में, शुल्क की अधिकतम सीमा में दशकों से बदलाव नहीं हुआ है। इसके परिणामस्वरूप एक निम्न आय, गतिहीन टैक्स आधार और निर्भरता की संस्कृति बनी हुई है। जैसा कि एनआईपीएफपी की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, वैधानिक वित्तीय सशक्तिकरण का कोई मतलब नहीं है, यदि वास्तविक रूप से संचालन से जुड़ी स्वतंत्रता न हो। तकनीक धीरे-धीरे स्थिति को बदल रही है। तमिलनाडु का वीपी टैक्स पोर्टल संपत्ति और पेशेवर करों की वास्तविक समय में निगरानी की सुविधा देता है, जबकि झारखंड में पीओएस-सक्षम कर संग्रह ने दक्षता और पारदर्शिता में सुधार किया है। यदि ऐसी प्रणालियों को स्वामित्व के संपत्ति मानचित्रण से जोड़ा जाए, तो पंचायतों के राजस्व आधार का व्यापक रूप से विस्तार हो सकता है। कुछ व्यवहारिक प्रोत्साहन, जैसे समय पर टैक्स देने वालों को सार्वजनिक रूप से मान्यता देना या स्पष्ट परिणाम दिखाना (आपके टैक्स से इस सड़क का निर्माण हुआ) स्वैच्छिक अनुपालन भी बढ़ा सकते हैं। जब लोग टैक्स और ठोस सुधारों के बीच संबंध देखते हैं, तो प्रतिरोध कम होगा - और वित्तीय विश्वास बढ़ेगा।

ग्राम पंचायत कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष क्षमता निर्माण पहल को शुरू करने में पंचायती राज मंत्रालय की हाल की पहल, जो आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से की गई है, जमीनी स्तर पर ओएसआर की विशाल संभावनाओं को वास्तविकता में बदलने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यों का समर्थन करने के लिए, मंत्रालय ने एक डिजिटल प्लेटफार्म समर्थ भी विकसित किया है, जो पंचायतों के ओएसआर प्रबंधन के लिए डिजिटलीकरण की शुरू-से-अंत तक की प्रक्रिया को सुगम बनाता है। मंत्रालय राज्यों को ओएसआर नियमों को तैयार करने या संशोधित करने के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है, ताकि पंचायतें अधिक प्रगतिशील और सशक्त बन सकें। चिन्हित पंचायतों की मदद करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं जिनका राजस्व संग्रह उच्च है या जो विकास केंद्रों के पास उप-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं, ताकि उनके लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाएं तैयार की जा सकें। हमें उम्मीद हैकि इन स्थानों में सही उद्यमी ऊर्जाएक सकारात्मक आर्थिक चक्र पैदा कर सकती है, जिसके गुणात्मक प्रभाव होंगे।

अब यह स्वीकार करने का समय आ गया है कि टैक्स दरों और क्षमता में सुधार करना महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल उद्यमशील सोच ही वास्तविक बदलाव ला सकती है। जैसा कि आईआईएम-ए के अध्ययन से पता चलता है, ऐसी ग्राम पंचायतें, जो चक्रीय आर्थिक मॉडल, जैसे बायोगैस और खाद संयंत्र, सौर ऊर्जा की बिक्री, सामुदायिक बाजार और ईको-पर्यटन आदि का उपयोग कर रही हैं, वे वित्तीय रूप से अधिक स्वतंत्र हैं और आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं। इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए, पंचायती राज मंत्रालय प्रदर्शन से जुड़े अनुदानों को बढ़ावा दे रहा है जो ओएसआर वृद्धि से जुड़ा है। इसके अलावा, चयनित ग्राम पंचायतों में वित्तीय साथी' (फिस्कल फेलो) की अवधारणा, जो वित्तीय योजना और डिजिटल एकीकरण में मदद कर सकती है, को भी आजमाया जा सकता है। 16वां वित्त आयोग भी - केवल प्रक्रियाओं का पालन करने के बजाय- पंचायतों को प्रोत्साहित कर सकता है, ओएसआरमें वृद्धि करने वालों को पुरस्कृत कर सकता है ।

ग्राम स्वराज का लंबे समय से संजोया गया सपना केवल इस बात से साकार नहीं होगा कि ऊपर से कितना धन आता है, बल्कि इस बात से साकार होगा कि ग्राम पंचायतें स्थानीय स्रोतों का कितने प्रभावी ढंग से उपयोग करती हैं। पंचायतों को लेखाकर्मी की तरह नहीं, बल्कि उद्यमियों की तरह सोचना चाहिए, अवसरों की पहचान करनी चाहिए, जोखिमों का प्रबंधन करना चाहिए और लाभ को समुदाय में पुनर्निवेश करना चाहिए। भारत का ग्रामीण परिवर्तन केवल नई योजनाओं से नहीं होगा - यह तब संभव होगा, जब इसके 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतें आय अर्जित करना सीखेंगीऔर जब स्थानीय शासन देश का सबसे जीवंत उद्यमी इकोसिस्टम बन जाएगा।

# आनंद मठ की आत्मकथा और बंगाली अस्मिता का प्रश्न

//अजय दीक्षित//

**बंगाल के तत्कालीन मूर्धन्य साहित्यकार और विद्वान स्व श्री बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 में अपनी पुस्तक आनंद मठ में बंगाल में 1770और 1774 के मध्य विकराल ब भीषण अकाल और उसमें ब्रिटिश साम्राज्य की भूमिका का चित्रण किया है और उससे अवतरित हुआ है बंदे मातरम् जो बाद में आजादी के दीवानों और क्रांतिकारी लोगों का उदघोष बन गया था। आनंद मठ नामक पुस्तक में महेंद्र और जीवानंद दो पात्र हैं और वे सत्यानंद के संन्यासी शिष्य हैं। महेंद्र कल्याणी नामक महिला का पति है। घटना बंगाल के मुर्शिदाबाद में पदचिन्ह गांव की है।**

कल्याणी के बच्चे भूख से बिलखने लगते तो महेंद्र कल्याणी से गांव छोड़कर चले जाने की कहता है। चुकी बंगाल में भयानक अकाल था तो पिंडारी, डकैत हमला कर देते हैं और कल्याणी के बच्चों मार पीट कर हो हल्ला मचा देते हैं। कल्याणी एक नदी के किनारे शरण लेती है। लेकिन पिंडारी मानते नहीं है।तब संन्यासियों की टोली निकल कर जा रही थी उसमें एक सन्यासी का नाम जीवानंद है वह कल्याणी को बचाता है।ये सब आनंद मठ के संन्यासी शिष्य थे। इस महान उपन्यास के रचयिता श्री बंकिम चंद्र चटर्जी ने उस समय के दृश्य का वर्णन किया है। जीवानंद महेंद्र को सुजलाम सफलामा मलयाज शीतलाम सुनता है और कल्याणी की तुलना मातृ भूमि से करता है जो अपने बच्चों को किसी तरह बचाना चाहती है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1882 में यह कृति लिखी थी। तत्कालीन समय में बंगाल से आजादी के मतवालों की आवाज आने लगी थी और ब्रिटिश सरकार ने भारत को ईस्ट इंडिया कंपनी से ले कर प्रत्यक्ष शासन कायम कर लिया था। तत्कालीन वाइस राय वॉरेन हेस्टिंग ने भारत में शिक्षा, अनुसंधान, पुलिस न्यायालय, आईपीसी सीआरपीसी में अपने मुताबिक परिवर्तन कर दिए थे लॉर्ड मैकाले, लॉर्ड कार्नवालिस, अपने अनुसार नियम, कायदे कानून व्यवस्था, राजस्व,बना रहे थे। संपूर्ण भारत में प्रिंसली स्टेट को ब्रिटिश राज्य में मिलाया जा रहा था।यही वह दौर था जब इटवा के कलेक्टर ए यू हयूम ने विश्व बिरादरी को दिखाने के लिए कांग्रेस की स्थापना की ।

तत्कालीन समय में कांग्रेस की कमान दादा भाई नौरोजी के हाथ में थी । तत्कालीन समय में महात्मा गांधी साउथ अफ्रीका में थे। बाल गंगा धर तिलक, विपिन चंद्र पाल, विधान चन्द्र राय कांग्रेस को समझते थे।बंदे मातरम् सबसे पहले संगीतबद्ध किया राष्ट्र कवि रविन्द्र नाथ टैगोर ने और 1896 कांग्रेस अधिवेशन में गाया गया। रविन्द्र नाथ टैगोर की प प्रतिशती सुमित्रा देवी ने इसे गया । लेकिन इस गीत को दिशा दी अमर शहीद खुदीराम बोस ने जब उन्हें मुजफ्फरपुर जेल में फांसी दी गई तो उन्होंने कहा बंदे मातरम।बाद में यह गीत क्रांतिकारियों का संदेश बन गया।बंदे मातरम् पर ब्रिटिश ने प्रतिबंध लगा दिया। बंदे मातरम् बोल ने वालों को ब्रिटिश पुलिस पकड़ लेती थी और सारे आम कोड़े लगाए जाते थे। आनंद मठ कोई साधारण उपन्यास नहीं है यह उस समय आजादी का पैगाम था । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों से ठीक पहले इस बंदे मातरम् को मुद्दा बनाया है यह कोई सहज घटना नहीं है। आज भी पश्चिमी बंगाल में बंदे मातरम् के प्रति लोगों का सम्मान है।

# 'सी' ग्रेड दूसरी सबसे खराब रेटिंग

यह भी दुनिया देख रही है। अब तक दुनिया की संस्थाएं भारत के आंकड़ों पर संदेह जताती थीं। विकास के आंकड़ों से लेकर गरीबी, प्रदूषण, शौचालय आदि के तमाम आंकड़े संदेह के घेरे में थे। कहा जा रहा था कि भारत आंकड़ों में गड़बड़ी करता है। लेकिन अब तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने भारत के आंकड़ों को 'सी' ग्रेड ही दे दिया है। यह दूसरी सबसे खराब रेटिंग होती है। आईएमएफ ने नेशनल अकाउंट्स स्टैटिस्टिक्स को 'सी' ग्रेड दिया है, जिसमें सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी और ग्रॉस वैल्यू एडेड यानी जीवीए शामिल है।

सोचें, ये दोनों सबसे अहम आंकड़े होते हैं। इनको लेकर आईएमएफ ने कहा है कि 'सी' ग्रेड का मतलब है कि इन आंकड़ों में कुछ 'शॉर्टकमिंग' यानी कमी है, जिससे निगरानी की व्यवस्था प्रभावित होती है। आईएमएफ ने यह रेटिंग गुरुवार को जारी की और उसके एक दिन बाद ही भारत सरकार ने दूसरी तिमाही यानी जुलाई से सितंबर के आंकड़े जारी किए। बहरहाल, भारत के सालान इकोनॉमिक फ्रेंमवर्क को लेकर आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें नेशनल अकाउंट्स डाटा को 'सी' ग्रेड दिया गया है। वैसे ओवरऑल डाटा कैटेगरी को 'ब' ग्रेड मिला है। यानी भारत के आंकड़ों की गुणवत्ता और उनकी विश्वसनीयता या तो दोयम दर्जे की है या तीसरे दर्जे की है। आईएमएफ ने भारत की आर्थिक गणना का बेस ईयर 2011-12 होने पर भी सवाल उठाया है और इसे आउटडेटेड कहा है। इसके अलावा कई और कमियां रिपोर्ट में बताई गई हैं। जाहिर है पूरी दुनिया में इस रिपोर्ट को देखा होगा। पहले से भारत के आंकड़े पर जो संदेह किया जाता है उसकी पुष्टि इससे होती है। इससे भारत का वैश्विक व्यापारिक संबंध प्रभावित होगा और विकास को लेकर किए जा रहे दावे भी प्रभावित होंगे। ध्यान रहे भारत इस समय दुनिया के कई देशों के साथ व्यापार संधि करने के दौर में है। कई देशों के साथ व्यापार वार्ता चल रही है। अमेरिका के साथ व्यापार संधि की वार्ता चल रही है लेकिन बार बार इस पर ग्रहण लग रहा है। संभवतः इसी वजह से आईएमएफ ने यह भी कहा है कि अमेरिका की ओर से भारत के ऊपर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ स्थायी रूप से रहेगा। हालांकि भारत ने इसका विरोध किया है। लेकिन मुंहजबानी विरोध का कोई अर्थ नहीं है। अमेरिका के साथ तो व्यापार संधि नहीं ही हो रही है यूरोपीय संघ के साथ भी व्यापार संधि की वार्ता किसी मंजिल तक नहीं पहुंच रही है। हालांकि भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ यानी ईएफटीए के साथ एक संधि की है। परंतु वह व्यापार व आर्थिक साझीदारी का समझौता यानी टीईपीए है। यूरोपीय संघ के साथ भारत की मुक्त व्यापार संधि यानी एफटीए की वार्ता काफी समय से चल रही है। सोचें, जब से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ वॉर शुरू किया है तब से दुनिया के अनेक देशों ने व्यापार संधि कर ली है। चीन की भी व्यापार संधि अमेरिका के साथ हो गई है।

## तस्वीरों की दुनिया



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी छोड़ो! रैली के दौरान भारत के संविधान की कॉपी दिखाई।



नई दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ो! रैली के दौरान समर्थक नारे लगा रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ो रैली के दौरान सभा को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में संगठन पर्व के दौरान भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चुने जाने के बाद केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को गुलदस्ता भेंट किया, इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी मौजूद थे।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम लल्ला की पूजा-अर्चना की और दर्शन किए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर एक पुरस्कार विजेता को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 प्रदान किया।

# कौन है अहमद अल-अहमद, जिसने हमला करने वाले से बंदूक छीनकर उसी पर तान दी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियावासियों ने सिडनी के बोंडी बीच पर हुनक्का उत्सव के दौरान हुए आतंकी हमले के दौरान एक व्यक्ति की जमकर प्रशंसा की और उसे हीरो बताया। दरअसल, निहत्थे युवक ने बंदूकधारी हमलावर पर पीछे से झपट्टा मारकर उसकी राइफल छीन ली और उसे जमीन पर गिरा दिया, युवक के इस साहस से कई लोगों की जान बच गई।युवका के साहसी वीडियो का कारनामा कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में अहमद को खुद दो गोलियां लगीं और वे गंभीर रूप से घायल हैं। उसके बावजूद वो हमलावर को नहीं छोड़े। उनके चचेरे भाई ने उन्हें शत प्रतिशत हीरो बताया। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने भी उनकी बहादुरी की सराहना की है। स्थानीय समाचार एजेंसी ने मृतक की पहचान 43 वर्षीय अहमद अल अहमद के रूप में की है, जो एक फल विक्रेता है। युवक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अल अहमद को नागरिकों पर हो रही गोलीबारी के दौरान एक हमलावर को पकड़ते हुए दिखाया गया है, जिससे कई लोगों की जान बच गई।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 15 सेकेंड के वीडियो में साफ-साफ दिख रहा है कि वह व्यक्ति पहले कारों के पीछे छिपता है और फिर पीछे से बंदूकधारी की ओर दौड़ता है।

वह उसकी गर्दन पकड़ लेता है, उससे राइफल छीन लेता है और उसे जमीन पर गिरा देता है, फिर उसी पर बंदूक तान दी। मुस्तफा नाम के एक व्यक्ति ने स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि वह अहमद का चचेरा भाई है। उन्होंने कहा कि वह अस्पताल में है और हमें ठीक से पता नहीं है कि अंदर क्या हो रहा है। हमें उम्मीद है कि वह ठीक हो जाएंगे। वह शत प्रतिशत हीरो हैं। इस घटना को अंजाम देने वाले संदिग्धों की पुलिस ने पहचान कर ली है।

# नितिन नबीन को क्यों चुना गया भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष

**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**



भारतीय जनता पार्टी ने फिर से सबको चौंकाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में 45 साल के युवा के हाथों पार्टी की कमान संभालने का फैसला ले लिया। पांच बार विधायक और तीन बार मंत्री रहे बिहार के नितिन नवीन को तत्काल प्रभाव से पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है।इसे सामान्य पदस्थापन नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर भरोसे, संगठनात्मक परिवर्तन और आने वाले चुनावी दौर की रणनीति का संकेत है। माना जा रहा है कि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक नितिन यह जिम्मेदारी संभालेंगे। राजनीतिक हलकों में इसे बंगाल विधानसभा चुनाव तक की तैयारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है।एक दिन पहले ही पार्टी ने उत्तर प्रदेश में भी प्रदेश अध्यक्ष का फैसला लिया था। माना जा रहा था कि आने वाले खरमास के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कुछ दिन टल सकता है। लेकिन दूसरे ही दिन नितिन नवीन के नाम की घोषणा हो गई। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने के बाद से ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश चल रही थी।नड्डा का अध्यक्षीय कार्यकाल जून 2024 में समाप्त हो चुका था और तब से वे विस्तार पर कार्य कर रहे हैं। नबीन की नियुक्ति यह भी संकेत है कि पार्टी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दिशा पर ही चलेगी। खासकर छत्तीसगढ़ में प्रभारी के रूप में उनके कामकाज में दोनों शीर्ष नेताओं को प्रभावित किया था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नितिन नवीन को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी है। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर नितिन को मेहनती, संगठित सोच वाला और बिहार में विधायक एवं मंत्री के रूप में प्रभावशाली सेवाएं देने वाला नेता बताया है। राजनाथ सिंह ने भी उन्हें बिहार की धरती से निकला कर्मठ और ऊर्जावान कार्यकर्ता बताते हुए उम्मीद जताई है कि वे पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल होंगे।नबीन की नियुक्ति यह संदेश है कि पार्टी में जेनरेशन नेक्स्ट का काल शुरू हो चुका है। दरअसल तीसरी पंक्ति के कई नेता भी अध्यक्ष पद की दौड़ में थे।

संघ और भाजपा के समन्वय की बात भी कही जा रही थी लेकिन शीर्ष नेतृत्व ने नबीन को यह जिम्मेदारी दी। छत्तीसगढ़ में प्रभारी के रूप में उनकी भूमिका को सराहा गया।वहां बूथ स्तर का प्रबंधन, संगठन विस्तार और चुनावी तालमेल पर उनके फोकस का नतीजा निर्णायक जीत के रूप में सामने आया। इसके बाद माना जाने लगा कि नितिन नवीन राष्ट्रीय स्तर पर भी संगठन खड़ा करने की क्षमता रखते हैं। सामाजिक समीकरणों के लिहाज से भी यह नियुक्ति चर्चा में है।नितिन नवीन कायस्थ समाज से आते हैं। बिहार में इस समाज की आबादी भले ही एक प्रतिशत से कम हो, लेकिन यह भाजपा का पारंपरिक और भरोसेमंद मतदाता वर्ग रहा है। यशवंत सिन्हा के बाद इस समाज के किसी नेता को इतने ऊंचे संगठनात्मक पद पर जिम्मेदारी मिलना भी राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

नितिन नवीन का राजनीतिक सफर पूरी तरह भाजपा के भीतर ही विकसित हुआ है। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा पार्टी के प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते थे। पिता के निधन के बाद उन्होंने पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से राजनीति की कमान संभाली और वर्ष 2006 से लगातार पांच बार वहां से जीत दर्ज की। बिहार में पथ निर्माण मंत्री के रूप में उन्होंने सक्रिय, कामकाजी और परिणाम देने वाले मंत्री की छवि बनाई है।संगठन में भी नितिन को अनुशासित संगठनकर्ता, मजबूत रणनीतिकार और जमीनी स्तर से जुड़े नेता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने राजनीति की शुरुआत भाजपा युवा मोर्चा से की, जहां राष्ट्रीय महामंत्री से लेकर बिहार प्रदेश अध्यक्ष तक की जिम्मेदारियां निभाईं।

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, आईक्यू एयर की रिपोर्ट, पाकिस्तान के दो शहर रैंकिंग में नीचे



**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

इस समय राजधानी में प्रदूषण खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। लेकिन वर्ष 2024 के मुकाबले इस वर्ष प्रदूषण में कमी देखने को मिली है। राजधानी में वर्ष 2025 में संतोषजनक श्रेणी के दिनों की संख्या गत वर्ष के मुकाबले ज्यादा रही हैं। बीते नौ वर्षों में (2020 को छोड़कर) वर्ष 2025 में संतोषजनक श्रेणी के दिन सर्वाधिक दर्ज हुए हैं। दिल्ली सरकार का मानना है कि यह आंकड़ा राजधानी में लागू विभिन्न प्रदूषण नियंत्रण उपायों के प्रभावी क्रियान्वयन को रेखांकित करता है। मासिक एक्यूआई के तुलनात्मक विश्लेषण (जनवरी-नवंबर) से यह स्पष्ट है कि वर्ष 2025 के 11 में से आठ महीनों में वायु गुणवत्ता, वर्ष 2024 की तुलना में बेहतर रही, जबकि एक माह में एक्यूआई समान स्तर पर रहा। इस वर्ष जनवरी, फरवरी, मार्च, मई, जून, जुलाई, अक्टूबर और नवंबर 2025 में औसत एक्यूआइ में गिरावट दर्ज की गई, जो वायु गुणवत्ता में सुधार को दर्शाता है। जनवरी से नवंबर की अवधि में 'संतोषजनक' श्रेणी के दिनों की संख्या वर्ष 2024 के 66 दिनों से बढ़कर 2025 में 79 हो गई है।स्विस एप आइक्यू एयर के मुताबिक रविवार को दिल्ली का प्रदूषण दुनिया भर के शहरों में सर्वाधिक रहा। रात साढ़े नौ बजे आइएक्यू एयर के एप पर उपलब्ध दुनिया के 127 शहरों की सूची में 841 एक्यूआई के साथ दिल्ली पहले नंबर पर रही। दूसरे नंबर पर 473 एक्यूआई के साथ लाहौर जबकि तीसरे नंबर पर 210 एक्यूआई के साथ ढाका और कराची रहे।

# पहले घने कोहरे की चादर ने ढाया कहर, एनसीआर में अलग-अलग जगहों पर 26 वाहनों की टक्कर में 43 घायल

**फरीदाबाद, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**



सर्द मौसम का पहला घना कोहरा रविवार को पड़ा। घने कोहरे में दृश्यता बेहद कम हो जाती है। ऐसे में सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है। सोनीपत व दक्षिण हरियाणा के अंतिम छोर पर स्थित पलवल जिले में कई वाहन आपस में टकरा गए और इस कारण से 43 लोग घायल हो गए। बड़ा हादसा सोनीपत में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ। यहां कोहरे के बीच कुंडली और खरखौदा के बीच पांच जगहों पर 26 वाहन आपस में भिड़ गए।बिना इंडीकेटर जलाए खड़े ट्रक के कारण वाहन इससे टकरा गए। कई कार भी एक-दूसरे से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हरिद्वार जा रही रोडवेज की एक बस भी एक ट्रक से टकरा गई, इसमें आठ यात्री घायल हो गए। कोहरे में हुए हादसों में अकेले सोनीपत में ही 30 लोग घायल हुए। पलवल में अलीगढ़ रोड पर एक वैन डिवाइडर पर चढ़ गई और नूंह रोड पर आटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे 13 लोग घायल हो गए।सोनीपत के गांव रोहट गांव के पास रविवार शाम को बहादुरगढ़ से आ रही प्राइवेट बस एक ब्रेकर पर बेकाबू होकर पलट गई। बस की चपेट में एक ईको भी आ गई। हादसे में 10 सवारियों को हल्की चोटें आईं।कोहरे का असर साइबर सिटी गुरुग्राम और औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में भी दिखा। औद्योगिक नगरी में सुबह दस बजे के बाद सूर्य देव के दर्शन हुए।

गुरुग्राम में सोहना, फरुखनगर, पटौदी, बिलासपुर, मानेसर क्षेत्र में सड़क पर दृश्यता 100 मीटर रही। कोहरे की वजह से ट्रेनों भी स्टेशन पर निर्धारित समय से देरी से पहुंची।अजमेर से जम्मू जाने वाली पूजा सुपरफास्ट एक्सप्रेट रविवार को ट्रेन तीन घंटे देरी से गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर पहुंची। योग एक्सप्रेस, दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर ट्रेन आधा घंटा, रेवाड़ी-दिल्ली डीईएमयू एक घंटा और चंडीगढ़ से अजमेर जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस आधा घंटा देरी से आई। ट्रेनों के लेट चलने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। नूंह, रेवाड़ी व नारनौल के ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा रहा।

## ट्रंप की नई सख्ती, H-1B वीजा संकट से हजारों भारतीयों की नौकरी दांव पर

**नई दिल्ली।** अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय ॥-1क्क वीजा धारकों के लिए एक आम यात्रा अब बड़ी मुसीबत बन गई है। जो लोग शादी, छुट्टी, पारिवारिक जरूरत या वीजा स्टैम्पिंग के लिए भारत आए थे, वे अब महीनों तक यहीं फंसने को मजबूर हैं। वजह है ट्रंप प्रशासन का एक नया नियम, जिसने बिना चेतावनी सब कुछ बदल दिया।H-1B वीजा धारक आमतौर पर भारत आकर अमेरिकी दूतावास में वीजा स्टैम्पिंग कराकर वापस लौटते हैं। कई लोगों का वर्क परमिट वैध था, लेकिन पासपोर्ट में लगा एंट्री वीजा खत्म हो चुका था। यह प्रक्रिया आम तौर पर कुछ दिनों की होती थी। लेकिन इस बार हालात अलग हैं। 3 दिसंबर को अमेरिकी विदेश विभाग ने नया नियम जारी किया, जो 15 दिसंबर से लागू होगा।

# राज्यपाल ने स्टेडियम में घटनास्थल का किया निरीक्षण, बोले- खेल-प्रेमियों के लिए एक काला दिन



**कोलकाता।** बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने रविवार दोपहर में कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम का दौरा किया, जहां एक दिन पहले अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के सम्मान समारोह के दौरान भारी बवाल, अराजकता व तोड़फोड़ की घटना घटी थी। राज्यपाल बोस ने स्टेडियम के अंदर मैदान के चारों तरफ पैदल घूमकर स्थिति का गहन मुआयना किया। उन्होंने स्टेडियम में तोड़फोड़ वाली जगह को बारीकी से देखा। इस दौरान राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत, खेल सचिव राजेश कुमार सिन्हा और विधाननगर कमिश्नरेट के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे।मालूम हो इससे पहले शनिवार दिन में वहां घटी घटना के बाद राज्यपाल बोस स्थिति का जायजा लेने शाम में ही साल्टलेक स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन उनके लिए दरवाजे नहीं खोले गए। स्टेडियम की बत्तियां तक बुझा दी गईं। इसपर राज्य के संवैधानिक प्रमुख यानी राज्यपाल बोस बेहद नाराज होते हुए कहा था कि क्या बंगाल में राज्यपाल को ऐसे ही ट्रीट किया जाता है। यह घटना बता रही है कि राज्य में क्या चल रहा है।इससे पहले साल्टलेक स्टेडियम में हुई घटना व कुप्रबंधन पर राज्यपाल ने शनिवार को हैरानी जताते हुए अपनी गहरी नाराजगी जताई। राज्यपाल ने इस दिन को कोलकाता के खेल-प्रेमियों के लिए एक काला दिन तक बताया था। राज्यपाल ने राज्य सरकार को कई निर्देश भी जारी किए, जिसमें कार्यक्रम के आयोजकों को अविलंब गिरफ्तार करने, टिकट खरीदने वालों को पैसा वापस करने और स्टेडियम और अन्य सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान के लिए आयोजकों पर जुर्माना लगाने की बात शामिल है।उन्होंने पूरी घटना की न्यायिक जांच की भी मांग की और उन पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया जिन्होंने आवश्यक सावधानी नहीं बरती।

# सनातन धर्म विरोध में नहीं, सबको साथ लेकर चलने वाला: गजेंद्र सिंह शेखावत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के बाद समय का चक्र बदला है और भारतीय संस्कृति का पुनः उदय दिखाई दे रहा है। आज देश सांस्कृतिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वह दो दिवसीय सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव के दूसरे दिन भारत मंडपम में जुटे लोगों को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि सनातन धर्म किसी के विरोध में नहीं है। वसुधैव कुटुंबकम के भाव के साथ यह सबको साथ लेकर चलने वाला है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि शंखनाद सदैव धर्म-अधर्म के संघर्ष का प्रतीक है। दिल्ली में हो रहे इस सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव से यह विश्वास बढ़ा है कि धर्म की ही विजय होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकवादी हमले से यह स्पष्ट हुआ है कि जिहाद का संबंध अशिक्षा या गरीबी से नहीं, बल्कि कट्टर मानसिकता से है। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने कहा कि अनेक राज्यों में सरकार केवल हिंदू मंदिरों का ही नियंत्रण में लेती है।

# ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले का पाकिस्तान कनेक्शन, यहूदियों पर गोलियां बरसाने वालों का खौफनाक इरादा बेनकाब

**सिडनी, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**




ऑस्ट्रेलिया के शहर सिडनी में बोंडी बीच पर हनुक्का त्योहार मनाने के लिए एकत्रित हुए यहूदियों पर रविवार शाम दो हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में 12 लोग मारे गए और 29 अन्य घायल हैं।मरने वालों में एक इजरायली नागरिक शामिल है, जबकि घायलों में एक बच्चा और दो पुलिस अधिकारी भी हैं। आस्ट्रेलिया पुलिस ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। एक हमलावर को पुलिस ने मार गिराया और दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसकी हालत गंभीर है।एक हमलावर की पहचान पाकस्तानी मूल के 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है। दुनियाभर के नेताओं ने इस आतंकी हमले की निंदा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमले की निंदा करते हुए प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और इसके सभी रूपों व अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। सिडनी आस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स प्रांत में स्थित है। राज्य के प्रीमियर क्रिस मिन्स ने कहा कि यह हमला सिडनी के यहूदी समुदाय को निशाना बनाने के लिए ही किया गया। उन्होंने कहा, आस्ट्रेलिया के यहूदी समुदाय के लिए आज रात हमारा दिल द्रवित है। मैं सिर्फ कल्पना कर सकता हूं कि इस प्राचीन त्योहार को मनाते समय अपने प्रियजनों को मरते देखकर उन्हें अभी कितनी पीड़ा हो रही होगी। पुलिस कमिश्नर एम. लैन्योन के अनुसार, बोंडी बीच पर सैकड़ों लोग हनुक्का यहूदी त्योहार की शुरुआत का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। स्थानीय समयानुसार लगभग 6.30 बजे दो हमलावरों ने लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आस-पास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच की जा रही है, इनमें एक हमलावर की कार में मिली आईईडी शामिल है। लैन्योन ने कहा कि मरने वालों की संख्या बदल रही है और घायल लोग अभी भी अस्पतालों में आ रहे हैं।चाबाद ने मृतकों में से एक की पहचान रब्बी एली श्लैंगर के रूप में की है जो चाबाद आफ बोंडी में असिस्टेंट रब्बी थे और इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजकों में से एक थे। चाबाद एक आर्थोडॉक्स यहूदी मूवमेंट है।

यह दुनियाभर में कई सेंटर चलाता है जो यहूदी यात्रियों के बीच लोकप्रिय हैं और अक्सर प्रमुख यहूदी छुट्टियों के दौरान बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों को प्रायोजित करता है।आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कैनबरा में पत्रकारों से कहा कि वह इस नरसंहार से बेहद दुखी हैं। उन्होंने कहा, यह हनुक्का के पहले दिन यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया हमला है। यह यहूदी-विरोधी और आतंकी कृत्य है जिसने आस्ट्रेलिया के दिल पर हमला किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अधिकारी हमले में शामिल सभी लोगों की पहचान करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं, हम हिंसा और नफरत के इस घिनौने कृत्य को खत्म करेंगे। यह राष्ट्रीय एकता का क्षण है, जिसमें सभी आस्ट्रेलियाई अपने यहूदी आस्ट्रेलियाई लोगों को गले लगाएंगे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, यह गोलीबारी सुनियोजित हत्या है। मैंने आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को चेतावनी दी थी कि उनके देश की नीतियां यहूदी-विरोध को बढ़ावा देती हैं। यहूदी-विरोधी भावना तब फैलती है जब नेता चुप रहते हैं। आपको कमजोरी दिखाने की जगह कार्रवाई करनी होगी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टारमर ने कहा कि यहूदी विरोधी यह आतंकी हमला बेहद दुखद है। ब्रिटेन हमेशा आस्ट्रेलिया और यहूदी समुदाय के साथ खड़ा रहेगा।

# प्रयागराज में छोटे भाई को पकड़ने पर भड़का बड़ा भाई, दारोगा का सिर फोड़ा, दीवान पर बरसाई लाठियां



**प्रयागराज।** पुलिस के कड़े तेवर के बावजूद अराजक तत्वों का दुस्साहस कम नहीं हो रहा। पीआरवी के एक दारोगा और दीवान पर शनिवार रात दो सगे भाइयों ने हमला कर दिया। दोनों को लाठी-डंडे से इतना पीटा गया कि दारोगा का सिर फट गया, जबकि दीवान के हाथ-पैर और कंधे में गंभीर चोट आई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दारागंज क्षेत्र एक व्यक्ति अपने परिवार के किसी सदस्य को चाकू से मारने की कोशिश कर रहा था। किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। खबर मिलते ही पीआरवी के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। वहां चित्रकूट जिले के पहाड़ी थाना के नांदी तौरा गांव का राजा वाल्मीकि हाथ में चाकू लेकर अपशब्द कह रहा था। वह नशे में था। पीआरवी के दारोगा हितेंद्र और दीवान राहुल कुमार श्रीवास्तव ने उसे पकड़ लिया। उसी समय अचानक राजा का भाई शिवमोहन वाल्मीकि लाठी लेकर पुलिसकर्मियों की तरफ दौड़ पड़ा और हमला कर दिया। राजा भी पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ा। शिवमोहन पुलिसकर्मियों पर बेतहाशा लाठी चला रहा था।दोनों पुलिसकर्मियों ने जैसे-तैसे राजा व शिवमोहन को पकड़ लिया। दारोगा हितेंद्र सिंह की तहरीर पर दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# दिल्ली में हाई-टेक कार चोरी गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार, OBD क्लोनिंग से बनाते थे डुप्लीकेट चाबियां

**नईदिल्ली, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**



क्राइम ब्रांच की टीम ने कार चोरी करने वाले हाई-टेक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गैंग लीडर समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की दो स्विफ्ट कार, एक ब्रेजा कार, एक इलेक्ट्रानिक की क्लोनिंग टैब और टाटा और मारुति सुजुकी गाड़ियों की डुप्लीकेट कार की चाबियां बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान यूपी, हापुड़ के सोनू, सोनीपत, हरियाणा के संदीप और यूपी, इटावा के आशीष उर्फ दीपू के रूप में हुई है। आरोपितों का गाड़ी चोरी करने का तरीका बेहद अलग था। वह डैशबोर्ड के नीचे स्थित गाड़ी के आन-बोर्ड डायग्नोस्टिक (ओबीडी) पोर्ट से कनेक्ट करने के लिए एक इलेक्ट्रानिक टैबलेट का इस्तेमाल करते थे।टैबलेट का इस्तेमाल करके, वे खाली चाबियों को गाड़ी के यूनिक सिक्योरिटी कोड से मैच करने के लिए प्रोग्राम करते थे, जिससे गाड़ी स्टार्ट करने के लिए काम करने वाली डुप्लीकेट चाबियां बन जाती थीं।चोरी के बाद, गाड़ियों को पकड़े जाने से बचने के लिए 1-2 सप्ताह के लिए दिल्ली समेत एनसीआर इलाके में पार्क किया जाता था और बाद में दिल्ली से दूर के राज्यों में बेच दिया जाता था। पुलिस इनसे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त संजीव कुमार यादव के मुताबिक, वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खास टीम तैनात की गई थी। इस दौरान हड कांस्टेबल अमित को दिल्ली से वाहन चुराने और उन्हें दिल्ली समेत एनसीआर के बाहर ठिकाने लगाने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के बारे में गुप्त सूचना मिली थी।सूचना पर एसीपी संजय कुमार नागपाल की देखरेख में और इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और इंस्पेक्टर राबिन त्यागी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपितों को एडवांस्ड टेक्निकल सर्विलांस और ह्यूमन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके ट्रैक किया। इसी दौरान छह दिसंबर को सोनू और संदीप को दबोचा गया।

उनके कब्जे से स्विफ्ट कार बरामद की गई, जो मंगोलपुरी थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। दोनों आरोपितों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया। पूछताछ के दौरान संदीप की निशानदेही पर सेक्टर-23, सोनीपत, हरियाणा से एक और चोरी की मारुति स्विफ्ट कार बरामद की गई, जो बवाना थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी।जांच के दौरान आठ दिसंबर को तीसरे आरोपित आशीष को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर मारुति ब्रेजा कार बरामद हुई जो साकेत से चोरी हुई थी। इसके अलावा टाटा और मारुति सुजुकी गाड़ियों की डुप्लीकेट चाबियों और एक इलेक्ट्रानिक टैबलेट के साथ बरामद की गई।रिकार्ड जांच में पता चला कि सोनू पहले 17 वाहन चोरी के मामलों में शामिल रहा है, जिसमें यूपी में 11 और दिल्ली में छह मामले दर्ज हैं। वहीं संदीप पहले आठ आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिसके खिलाफ गैंग्स्टर एक्ट समेत हरियाणा में हत्या समेत दो मामले शामिल हैं। वहीं आशीष पहले यूपी में दर्ज वाहन चोरी के 13 मामलों में शामिल रहा है।

# 2025 की वोटर लिस्ट में नाम न होने पर भी घबराएं नहीं, इस फॉर्म को भरें और बन जाएं नए मतदाता



**सुलतानपुर, 15 दिसम्बर [एजेंसी]।**

2025 की मतदाता सूची में नाम नहीं है तो घबराइए नहीं। भारत निर्वाचन आयोग आप को मतदाता बनने के लिए अवसर प्रदान कर रहा है। आयोग के निर्देश पर पात्र नागरिकों को मतदाता बनाने के लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-छह वितरित किया जा रहा है। हालांकि 31 दिसंबर से दावों व आपत्तियों को स्वीकार करने की अवधि शुरू होगी। यह अवधि 30 जनवरी तक चलेगी। इस दौरान वह भी युवा नए मतदाता के रूप में फॉर्म भरेंगे, जो एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरा कर रहे हैं। ऑनलाइन भी नागरिक फॉर्म भरकर मतदाता बन सकते हैं। पांच हजार 172 नागरिकों ने अबतक मतदाता बनने के लिए दावा किया है। इसौली विधान सभा में 1089, सुलतानपुर में 1522, सदर विधान सभा में 828, लम्भुआ में 919 और कादीपुर विधान सभा में 814 लोगों ने आवेदन किया है। इस विवरण को आनलाइन कर दिया गया है।सभी आवेदनों का निस्तारण 31 दिसंबर से 21 फरवरी की अवधि में किया जाएगा।

उसी दौरान अपने घरों पर न मिलने वाले, किसी दूसरी जगह से मतदाता बने लोगों को भी नोटिस भेजी जाएगी। उसका भी निस्तारण उसी अवधि में किया जाएगा। एएसडी (एबसेंट, शिफ्टेड, डुप्लीकेट) श्रेणी में तीन लाख 20 हजार 172 मतदाता हैं। इसमें स्थायी रूप से शिफ्टेड एक लाख 55 हजार 59 नाम हैं। 58 हजार 554 ऐसे मिली हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 66 हजार 886 एबसेंट हैं। 29 हजार 656 डुप्लीकेट मतदाता पाए गए हैं यानी वे पहले से किसी और जगह से मतदाता सूची में दर्ज हैं। उपजिला निर्वाचन अधिकारी व एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने बताया कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से न छूटने पाए। इसलिए अभी से बीएलओ के माध्यम से फार्म छह का वितरण कराया जा रहा है। उसे वह एकत्र कर जमा करेंगे।

# छाया साथ छोड़ देती है यहां

## सोनहत के जंगलों में भौगोलिक कर्क रेखां



कोरिया जिले के सोनहत में वैज्ञानिक कारणों से कई स्थान हैं, जहां पर छाया एक स्थिति में गायब होती है और वह लोगों का साथ छोड़ देती है। कई प्रकार के अध्यन करने पर निष्कर्ष निकला कि कर्क रेखा की वजह से यह सब होता है।

इसी तरह पृथ्वी के उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक 360 देशांतर काल्पनिक रेखाएं मान्यता प्राप्त हैं। यह देशांतर रेखाएं ध्रुव केदो पर शून्य से शुरू होती हैं और पृथ्वी की गोलाई की सतह पर गोलाकार बढ़ती हुई दक्षिणी ध्रुव में समाप्त हो जाती हैं प्रत्येक देशांतर रेखा की आपस में दूरी 10 डिग्री के अंतर पर होती है, जिससे पूर्व और पश्चिम को मिलाकर कुछ कल 360 रेखाएं मान्य है। छत्तीसगढ़ के उत्तरी पश्चिमी सीमा क्षेत्र में जिला (एमसीबी) मनेन्द्रगढ़ एवं कोरिया जिले के जंगलों की सीमाओं से जुड़ी हुई है। इन्हीं जंगलों के बीच मध्य प्रदेश के पूर्व संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की सीमाएं विस्तार पाती है जो आगे चलकर कोरिया जिले के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से जुड़ जाती हैं। वर्तमान में इसे गुरु घासीदास तैमूर पिंगला टाइगर रिजर्व के रूप में शामिल किया गया है। इस टाइगर रिजर्व की सीमा मनेंद्रगढ़, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, तथा झारखंड के जंगलों तक फैली हुई है। यह भारत का तीसरा सबसे बड़ा बाघ अभ्यारण है।

कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड से गुजरती स्थित कर्क रेखा और वर्तमान खोज के बाद भारतीय मानक समय रेखा की उपस्थिति सोनहत को विशिष्ट स्थान का गौरव प्रदान करती है। इसी तरह मध्य प्रदेश सहित आठ राज्यों से गुजरती यह कर्क रेखा छत्तीसगढ़, गुजरात,राजस्थान, झारखंड,पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, और मिजोरम से होकर आगे बढ़ती है। लेकिन छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश ऐसे राज्य हैं जहां से गुजरने वाली भारतीय मानक समय रेखाएं भारतीय समय को निर्धारित करती हैं। कोरिया जिले के इस विशेष स्थान को इंगित करने के लिए छत्तीसगढ़ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कोरिया वन मंडल ने इस स्थान पर एक विशेष लाट स्तंभ लगाकर इसे पत्थरों से घेर कर विशिष्ट स्थल का रूप दे दिया है। सोनहत से रामगढ़ के मुख्य सड़क पर तीर का निशान बनाकर एक बोर्ड लगा दिया गया है जिस पर कर्क रेखा की दूरी 3 किलोमीटर इंगित भी किया गया है।

कर्क रेखा का यह विशिष्ट स्थल 21 जनवरी को पर्यटकों के लिए विशेष आगमन का दिन होता है क्योंकि पृथ्वी के अपनी धुरी से तिरक्षी होने के कारण सूरज इस स्थान पर सीधा प्रकाशित होता हुआ आगे बढ़ता है। यही कारण है कि एक समय ऐसा भी आता है जब आपकी परछाई आपका साथ छोड़ देती है। इसका आशय यह है कि सूर्य की सीधी किरणें इस स्थान पर पढ़ने के कारण आपकी छाया नहीं बनती और वह आप में स्वयं समा जाती है। कहीं-कहीं लोग 21 जून के दिवस को no shadow day भी कहते हैं। इस दिन सूर्य ठीक सिर के ऊपर रहने के कारण दिन लंबा और रात छोटी होती है।

इन्हीं खगोलीय घटनाओं के रहस्य को सामान्य जनमानस को समझाने एवं पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार ने कर्क रेखा के नीचे भौगोलिक जानकारी सहित 'एस्ट्रो पार्क' विकसित करने की योजना बनाई है। इस एस्ट्रो पार्क को विकसित करने मानचित्र बनाने और स्थल का चयन करने हेतु डॉ. शिरीष सिंह के नेतृत्व में वैज्ञानिकों का एक दल इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए सूरजपुर भेजा गया था। इसके तहत भारत देश में जहां-जहां से कर्क रेखा गुजरी है वहां इस तरह के एस्ट्रो पार्क बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य प्राकृतिक घटनाओं और पौराणिक विश्वासों को वैज्ञानिक तथ्यों से स्पष्ट करना होगा। इस योजना के तहत आने वाले जिलों को चिन्हित किया गया है जिसमें सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ के एमसीबी जिला और बलरामपुर शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित एस्ट्रो पार्क की इस कार्य की शुरुआत सूरजपुर जिले से प्रारंभ की गई है जिसमें इस टीम के वैज्ञानिक डॉ. शिरीष सिंह ने पूर्व में घोषित सूरजपुर के भैंसामुड़ा स्थान को गलत बताते हुए डीजीपीएस सिस्टम से जब वहां कर्क रेखा और भारतीय मानक समय के कटाव बिंदु को खोजने की कोशिश की गई तब यह पता चला कि यह स्थल भैंसामुड़ा से 28 किलोमीटर दूर मायापुर गांव में है । लगभग 30 वर्षों से भैंसामुड़ा में एक प्रतीक चिन्ह सीमेंट का चबूतरा बनाकर अब तक हम एक गलत जानकारी से परिचित हो रहे थे। वैज्ञानिक डॉ. शिरीष सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन से मायापुर ग्राम में चिन्हित स्थल पर दो एकड़ की भूमि मांगी है ताकि इस एस्ट्रो पार्क का कार्य प्रारंभ किया जा सके। उनकी रिपोर्ट के अनुसार यह स्थल 23.30 डिग्री उत्तरी अक्षांश के कर्क रेखा पर पाई गई है । इसी तरह भारतीय मानक समय रेखा का क्रॉस पॉइंट 82.30 डिग्री देशांतर पर कोरिया जिले के सोनहत के जंगलों में मिला है। डॉ शिरीष सिंह के अनुसार डीजीपीएस सिस्टम से 10 सेंटीमीटर तक की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। इसलिए इस सिस्टम से सही एवं आधुनिक तकनीक पर आधारित सत्य जानकारी है।

एस्ट्रो पार्क के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना में स्वीकृत बजट 5 करोड़ 22 लाख रुपए से बनने वाले इस पार्क में छत्तीसगढ़ सरकार को अपनी हिस्सेदारी 50% का योगदान भी करना होगा। इस एस्ट्रो पार्क में वैज्ञानिक और खगोलीय शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण जैसे वैज्ञानिक तथ्यों को समझाने के साधन उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना है। पौराणिक मान्यताओं का वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं स्पष्टीकरण के साथ-साथ ग्रहों नक्षत्रों और सौरमंडल के मॉडल भी इसमें शामिल रहेंगे।

# देसी लुक में कहर ढाती दिखीं अवनीत कौर,कातिल स्माइल ने इंटरनेट पर मचाया तहलका

अवनीत कौर का नया देसी अवतार सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. टीवी से बॉलीवुड तक अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए मशहूर अवनीत ने इस बार अपने ट्रेडिशनल लुक से फैंस का दिल जीत लिया है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई उनकी लेटेस्ट तस्वीरें कुछ ही मिनटों में वायरल हो गईं.

अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह पीच कलर की खूबसूरत कढ़ाई वाली अनारकली पहने नजर आ रही हैं. जिसमें वो बेहद खूबसूरत और एलिगेंट दिख रही हैं.

इस आउटफिट के साथ अवनीत कौर ने मैचिंग दुपट्टा कैरी किया है, जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है. फैंस को उनका यह सिंपल लेकिन रॉयल अंदाज खूब भा रहा है. जिसपर फैंस की नजरें अटक गईं.

अपने इस ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए अवनीत ने खुले कर्ली बाल, न्यूड ग्लोसी मेकअप और माथे पर लाल रंग की छोटी सी बिंदी लगाई है. उनकी ये बिंदी और स्माइल ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. कमेंट सेक्शन में कई फैंस ने लिखा- ये लुक तो आग लगा रहा है!

तस्वीरों में अवनीत कभी कैमरे में देखते हुए मुस्कुराती दिखीं, तो कभी अपने दुपट्टे को संभालते हुए पोज देती नजर आईं. खास बात यह रही कि उनकी कातिल स्माइल ने इंटरनेट का टेंपरेचर तेजी से बढ़ा दिया. कुछ ही देर में फोटो पर हजारों लाइक्स बरस पड़े और कमेंट्स की झड़ी लग गई.

अवनीत की हर तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. किसी ने उनकी स्माइल को हार्ट स्टीलर बताया तो किसी ने लिख दिया- देसी गर्ल अवनीत, अनबीटेबल! उनकी पॉपुलैरिटी सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही है और यह फोटोशूट इसका एक और प्रमाण बन गया है.

अवनीत के अगर काम की बात करें, तो एक्ट्रेस शांतनु महेशिवरी के साथ लव इन वियतनाम में काम करती दिखाई दी थी. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन अवनीत की एक्टिंग को दर्शकों ने से खूब प्यार मिला था.




फैंस को अवनीत कौर के अगले प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार हैं. बहरहाल, अवनीत कौर का यह देसी अवतार साबित करता है कि चाहे वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, एक्ट्रेस हर लुक में दिल जीतना बखूबी जानती हैं.

# फिल्म उस्ताद भगत सिंह का गाना देख लेंगे साला हुआ रिलीज़, पवन कल्याण का स्वैग देख फैंस खुश



पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म उस्ताद भगत सिंह सबसे ज़्यादा इंतज़ार की जाने वाली फिल्म है और इस प्रोजेक्ट से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि पवन कल्याण और हरीश शंकर पहले ब्लॉकबस्टर गब्बर सिंह बना चुके हैं। फिल्म की शूटिंग तेज़ी से चल रही है और मेकर्स ने प्रमोशन शुरू कर दिया है। मेकर्स ने आज कुछ मिनट पहले पवन कल्याण के एक लाख कट्टर फैंस की मौजूदगी में पहले गाने देख लेंगे को शानदार तरीके से रिलीज़ किया। गाने में पवन कल्याण ने शानदार, जोशीले और दिलकश डांस मूव्स किए हैं। भास्कर भटला के बोल दमदार हैं और विशाल ददलानी ने इसे पूरे जोश के साथ गाया है। यह गाना शानदार सेट के बैकग्राउंड में शूट किया गया है। गाने को दिनेश मास्टर ने आकर्षक डांस मूव्स के साथ कोरियोग्राफ किया है। देवी श्री प्रसाद ने इस पार्टी सॉन्ग के लिए फुट-टैपिंग और रॉकिंग बीट्स दिए हैं।

# मुरेरगढ़-रहस्य, रोमांच और आस्था का प्राकृतिक हिल स्टेशन







मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की गोद में स्थित मुरेरगढ़ एक ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां प्रकृति की अनुपम सुंदरता, ऐतिहासिक विरासत और गहरी धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। लगभग 2000 फीट ऊँचाई पर स्थित यह पहाड़ी एमसीबी जिले की सबसे ऊँची चोटी मानी जाती है और प्राकृतिक हिल स्टेशन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है।

स्थान एवं पहुँच:- जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ से दूरी - लगभग 105 किलोमीटर

पहुँच मार्ग - केल्हारी - चुटकी -भंवरखोह- मुरेरगढ़

क्षेत्र - मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला, छत्तीसगढ़

ऐतिहासिक महत्व:- मुरेरगढ़ पर्वत शिखर पर स्थित प्राचीन किले के अवशेष इसके गौरवशाली अतीत की झलक प्रस्तुत करते हैं। पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग के अनुसार यह किला संभवत: पूर्ववर्ती शासक बालंदशाह राजा द्वारा निर्मित गढ़ी रहा होगा। यद्यपि वर्तमान में यह भग्न अवस्था में है, किंतु रियासतकालीन इतिहास के अध्ययन की दृष्टि से यह स्थल अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

प्राकृतिक विशेषताएं:-पर्वत पर स्थित प्राकृतिक गुफाएं, वर्षभर जलयुक्त रहने वाला कुआं, प्राचीन तालाब, गुफाओं से निकलने वाला मीठा एवं पीने योग्य जल, चारों ओर फैली घनी हरियाली एवं शांत वातावरण।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था:- स्थानीय जनमानस में यह पर्वत 'सिद्ध बाबा पर्वत' के नाम से प्रसिद्ध है। महाशिवरात्रि, नवरात्रि एवं दीपावली के दूसरे दिन यहां श्रद्धालुजन देवस्थल पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना हेतु पहुंचते हैं। पर्वत शिखर पर स्थापित त्रिशूल एवं ध्वज इस स्थल की आध्यात्मिक महत्व को दर्शाते हैं।

पर्यटन संभावनाएं:- मुरेरगढ़ अपने दुर्गम रास्तों, रहस्यमय वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण नेचर टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म एवं हेरिटेज टूरिज्म के लिए अत्यंत उपयुक्त स्थल है। इस क्षेत्र को विकसित कर एक आकर्षक हिल स्टेशन के रूप में छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर स्थापित किया जा सकता है।

भविष्य की दिशा:- जिला प्रशासन द्वारा मुरेरगढ़ पर्यटन स्थल की विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल को प्रेषित की जा चुकी है। आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास के पश्चात यह स्थल प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में शामिल हो सकता है।

आइए, मुरेरगढ़ आइए:- जहां इतिहास बोलता है, प्रकृति मुस्कुराती है और आस्था सजीव हो उठती है।

## बेहतरीन बेली डांसर बनना चाहते हैं तो इन बातों का रखें ध्यान



बेली डांस एक मध्य पूर्वी डांस शैली है, जिसे रक्स शर्की भी कहा जाता है। यह शरीर की लचक और तालमेल को बढ़ावा देता है। इसमें कमर, हाथों और ऊपरी शरीर को लचीले तरीके से हिलाया जाता है। अगर आप एक बेहतरीन बेली डांसर बनना चाहते हैं तो आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। आज हम आपको बेली डांस के दौरान ध्यान रखने वाली अहम बातें बताएंगे, जिससे आपकी प्रतिभा निखरेगी और आप बेहतरीन डांसर बन सकेंगे। बेली डांस के लिए सही कपड़े चुनना बहुत जरूरी होता है। बेली डांस वाले पारंपरिक कपड़ों में चोली और स्कर्ट शामिल होती हैं, जिसमें पेट दिखता रहता है। स्कर्ट के अलावा आप प्लाजो पैंट भी चुन सकते हैं। इसके अलावा महिलाएं बेल्ट और कमर वाली चेन भी पहनती हैं, जो डांस मूव्स को और भी आकर्षक बना सकते हैं। ध्यान रखें कि आपके कपड़े ऐसे हों, जिनमें आप आसानी से मूवमेंट कर सकें और रुकावट महसूस न हो। बेली डांस शुरू करने से पहले वार्म अप करना नहीं भूलना चाहिए। इससे आपके शरीर की मांसपेशियां तैयार होती हैं और चोट लगने का खतरा कम हो जाता है। तैयारी के लिए आप हल्की-फुल्की स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, जिससे आपका शरीर लचीला बनेगा और आप आसानी से डांस मूव्स कर सकेंगे। इसके अलावा वार्म अप से आपका रक्त संचार भी बढ़ जाएगा है, जिससे ऊर्जा स्तर में सुधार होता है और सांस नहीं फूलती है। बेली डांस में तालमेल बहुत अहम होता है। संगीत के साथ अपने मूवमेंट का मेल करना सीखें, ताकि आपका डांस और संगीत एक साथ चलें। इसके लिए आप पहले धीमे संगीत पर अभ्यास करें और धीरे-धीरे तेज संगीत पर जाएं। ध्यान रखें कि हर कदम और हर घुमाव संगीत की लय के साथ मेल खाता हो। इससे आपका डांस पेशेवर लगेगा और आप बेहतर तरीके से प्रदर्शन कर सकेंगे।

# कोजिक एसिड को करें अपनी त्वचा की देखभाल में शामिल, मिलेंगे निखार समेत ये मुख्य लाभ

कोजिक एसिड एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो जापान से आया है। यह जापान की पारंपरिक शराब साके बनाते समय निकलता है, जो जे-ब्यूटी का अहम हिस्सा है। कोजिक एसिड सौम्यता से एक साथ त्वचा की कई परेशानियों को ठीक करने में मदद करता है। आपको यह पदार्थ कई तरह के स्किनकेयर उत्पादों में मिल जाएगा और इससे बनी क्रीम सबसे फायदेमंद मानी जाती है। आइए जानते हैं इससे त्वचा की देखभाल करने के क्या फायदे होते हैं।

रंजकता का करता है इलाज

ज्यादातर भारतीय महिलाएं असमान रंगत की समस्या से जूझती हैं। इसे ठीक करने में कोजिक एसिड बहुत लाभदायक साबित हो सकता है। यह त्वचा की अंदरूनी परतों में गहराई तक प्रवेश करता है और मेलानिन के समूह को तोड़ने का काम करता है, जो काले धब्बे पैदा करते हैं। यह न केवल रंगकता को ठीक करके समान रंगत देता है, बल्कि अपने प्रतिबंधक गुणों के कारण दोबारा काले धब्बे होने भी नहीं देता है।

देता है प्राकृतिक निखार

कोजिक एसिड का सबसे प्रमुख फायदा है कि यह त्वचा को निखार देता है। यह त्वचा में मेलेनिन बनने से रोकता है, जिससे नए काले धब्बे नहीं होते और पुराने धब्बों का भी सफाया होता है। इसके बाद जो त्वचा सामने आती है, वह बेदाग और निखरी होती है। साथ ही यह मृत त्वचा को साफ करने का भी काम करता है, जिससे नई त्वचा नजर आती है। यह त्वचा प्राकृतिक रूप से निखरी होती है।



मुंहासों का करता है सफाया

कोजिक एसिड का इस्तेमाल करके आप अपने चेहरे पर होने वाले मुंहासों को भी ठीक कर सकते हैं। इस एसिड में प्राकृतिक एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा की सतह से मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया का सफाया कर देते हैं। यह त्वचा के पीएच संतुलन को बनाए रखते हुए धीरे-धीरे मुंहासों को ठीक करता है और उनके जिद्दी धब्बों को भी पूरी तरह गायब कर देता है। इसके नियमित इस्तेमाल से मुंहासे निकलना भी कम हो जाएगा।

बुढ़ापे के लक्षण हो जाते हैं कम

कोजिक एसिड निखार देने के साथ-साथ बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम करता है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है, जो बुढ़ापे का कारण बनने वाले मुक्त कणों की क्षति से त्वचा को बचाता है। कोजिक एसिड प्रदूषण, यूवी किरणों और धूल-मिट्टी से त्वचा का बचाव करने में सक्षम होता है। इसके नियमित इस्तेमाल से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां आसानी से ठीक हो जाती हैं।

त्वचा हो जाती है मुलायम

कोजिक एसिड को रोजाना लगाने से आपकी त्वचा की बनावट में सुधार हो सकता है। यह कोमल एक्सफोलीएटिंग गुण प्रदान करता है, जो त्वचा को मुलायम बनाने में सहायता करते हैं। इसे लगाने से मृत त्वचा सौम्य तरीके से साफ होती है, जिससे स्वस्थ और मुलायम त्वचा मिल जाती है। यह हर प्रकार की त्वचा के लिए सुरक्षित होता है और कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है। साथ ही यह रोमछिद्रों को भी छोटा करता है।

## शब्द सामर्थ्य -258


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 257 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | दां | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# नगर पालिका परिषद में भ्रष्टाचार चरम पर घटिया निर्माण को लेकर नागरिकों में आक्रोश

कोरिया बैकुंठपुर।

**कोरिया जिले की नगर पालिका परिषद शिवपुर इन दिनों भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्यों को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। नगर क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है और ठेकेदारों व अधिकारियों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।**



नगर पालिका परिषद शिवपुर की नेता प्रतिपक्ष लालमुनी यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 9 में कराए गए एक निर्माण कार्य को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। वार्ड के निवासियों ने बताया कि हाल ही में बनाई गई सड़क और अन्य निर्माण कार्य बेहद घटिया स्तर के हैं। निर्माण के कुछ ही दिनों के भीतर सड़क पर दरारें आ गई हैं, गिट्टी उखड़ रही है और नालियों की हालत भी खराब हो गई है। इससे आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्डवासियों की शिकायत के बाद नेता प्रतिपक्ष लालमुनी यादव ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) से संपर्क कर निर्माण कार्यों की जानकारी और गुणवत्ता से संबंधित दस्तावेज मांगे। आरोप है कि सीएमओ द्वारा स्पष्ट जानकारी देने के बजाय नियमों का हवाला देते हुए गोलमोल जवाब दिया गया। इससे नागरिकों में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र में घटिया निर्माण अब आम बात हो गई है। चाहे सड़क निर्माण हो, नाली निर्माण या अन्य विकास कार्य—हर जगह गुणवत्ता की कमी साफ नजर आती है। नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्यों की न तो समय पर जांच होती है और न ही तकनीकी मानकों का पालन कराया जाता है। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 9 की जिस सड़क को लेकर शिकायत की गई है, उसकी अब तक कोई तकनीकी जांच नहीं कराई गई है। नेता प्रतिपक्ष लालमुनी यादव ने कहा कि यदि संबंधित सड़क और अन्य निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो वे वार्डवासियों के साथ मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि विकास के नाम पर जनता के पैसे की खुली लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका परिषद शिवपुर अब भ्रष्टाचार का केंद्र बनती जा रही है। जनता से लिए गए टैक्स और सरकारी योजनाओं की राशि का सही उपयोग न होकर कमीशनखोरी में खर्च किया जा रहा है। इससे न केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि जनता का भरोसा भी प्रशासन से उठता जा रहा है। फिलहाल यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन और संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं। यदि समय रहते जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो शिवपुर नगर पालिका परिषद में जनआक्रोश और आंदोलन की स्थिति बन सकती है। जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई की मांग कर रही है।




## दीपक बने कृषि स्नातक अधिकारी संघ एमसीबी के जिला अध्यक्ष

**जनकपुर/मनेंद्रगढ़।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी के जिला अध्यक्ष पद पर श्री दीपक कुमार साहू को सर्व सहमति चुना गया। श्री साहू वर्तमान में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर उपसंचालक कृषि कार्यालय मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी में सेवाएं दे रहे हैं। श्री साहू संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव भी हैं। संगठन सदस्यों द्वारा दीपक कुमार साहू एमसीबी जिला का अध्यक्ष चुनने पर उन्होंने कहा कि संगठन को एकजुट रखते हुए कृषि अधिकारियों की जायज मांगों को शासन स्तर तक मजबूती से रखा जाएगा। साथ ही किसानों के हित में कृषि योजनाओं, नवाचारों एवं तकनीकी जानकारी के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। श्री साहू के एमसीबी के जिला अध्यक्ष बनने पर जिले के कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल देखने को मिला

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उप जेल का निरीक्षण

**एमसीबी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार तथा माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सी) क्रमांक 1404/2023 सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित निर्णय के अनुपालन में आज उप जेल मनेन्द्रगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लोकेश कुमार बंजारा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा तथा जिला विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बंदियों को निरुद्ध अवधि में प्राप्त होने वाले अधिकारों एवं मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी बंदियों को समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# स्कूलों में मध्याल्ह भोजन की नहीं हो रही निगरानी, जारी मनमानी

**जनकपुर।** एक ओर जहां शासन द्वारा गांव गांव मे संचालित प्राइमरी और मिडिल स्कूलों तक बच्चों को लाने के लिए मध्यान्ह भोजन योजना चला रही है ताकि गांव के गरीब बच्चों को पढ़ाई के तरफ रुझान बढ़ सके, साथ ही बच्चों को स्कूलों में पौष्टिक आहार मिल सके। योजना के तहत शासन द्वारा मीनू अनुसार बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा मानिटरिंग नहीं किए जाने से स्कूलों में बच्चों को मीनू अनुसार मध्यान्न भोजन नहीं दिया जाता है। ऐसा ही मामला एमसीबी जिले के भरतपुर विकासखण्ड अंतर्गत संचालित करीब दर्जन भर प्राइमरी और मिडिल स्कूलों का भ्रमण के दौरान देखने व सुनने में सामने आया है। इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चे उनके पालक और शिक्षकों ने बताया कि स्कूल मे मध्यान्न भोजन संचालित करने वाली महिला समूह बच्चों के भोजन में कांटा मारती है। समूह के द्वारा कभी भी मीनू अनुसार बच्चों को भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। दाल के नाम पर केवल हल्दी वाला पीला पानी मे तैरता हुआ इक्का दुक्का दाल दिखाई देता है। वहीं स्कूली बच्चों को हरी सब्जी का दर्शन किए हुए लगभग एक अर्सा बीत गया, और पापड़ अचार तो बीती बात हो गई है। जबकि बच्चों को पौष्टिक आहार मिले इसके लिए शासन द्वारा मध्याह्न भोजन प्रारंभ किया गया, लेकिन मीनू अनुसार बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से योजना मे पलीता लग रहा है। एमसीबी जिले के विकासखण्ड भरतपुर में अध्ययनरत बच्चों के लिए स्कूलों मे मध्याह्न भोजन तो बनाया जाता है लेकिन मीनू अनुसार नहीं बनाने से स्कूली बच्चों के भोजन में पौष्टिकता गायब हो चुकी है। वहीं शिक्षकों का कहना है कि मध्यान्न भोजन महिला स्वसहायता समूह संचालित करती है। इस बात की जानकारी संकुल के माध्यम से हम लोग कई बार दिए हैं पर किसी भी जिम्मेदारों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से अब बच्चों की थाली में केवल सादा भोजन ही रह गया है। जबकि प्रतिदिन बच्चों के लिये शासन द्वारा लाखो रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने गुरुकुल व्यवस्था की आज भी आवश्यकता : वनस्थली कैलाशपुर का सुझाव

**कोरिया बैकुंठपुर।** देश में शिक्षा सुधार की चर्चा के बीच एक बार फिर प्राचीन गुरुकुल प्रणाली को अपनाने की मांग जोर पकड़ रही है। वनस्थली कैलाशपुर, कोरिया के शिक्षाविदों और समाजसेवियों का मत है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था, जो पिछले लगभग 200 वर्षों से मैकाले की सोच पर आधारित है, देश को बेरोजगार युवा प्रदान कर रही है। ऐसी व्यवस्था में बच्चे केवल नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से पढ़ रहे हैं, जबकि व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और जीवन मूल्य शिक्षा से दूर हो गए हैं। इस कारण करोड़ों की संख्या में युवा डिग्री तो ले रहे हैं, लेकिन रोजगार या आत्मनिर्भरता के योग्य नहीं बन पा रहे।




स्थानीय गोरक्षा और शिक्षा से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि आज का विद्यार्थी मेहनत वाली नौकरियों से दूर भाग रहा है। हर किसी को केवल आरामदायक सरकारी नौकरी चाहिए, जबकि अवसर सीमित हैं। ऐसे में राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने वाली शिक्षा पद्धति की आवश्यकता है, जो कभी भारत की असली पहचान रही गुरुकुल प्रणाली प्रदान करती थी। शिक्षाविदों ने बताया कि प्राचीन गुरुकुल में राजा से लेकर आम नागरिक के बच्चे तक समान रूप से शिक्षा प्राप्त करते थे। वहां केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं दिया जाता था, बल्कि कृषि, व्यापार, युद्धकला, पशुपालन, शिल्प, अनुशासन, सम्मान, सेवा और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाता था।

वैदिक शिक्षा के साथ जीवन जीने की कला और समाज के प्रति कर्तव्य की भावना विकसित की जाती थी। गुरुकुल से निकलने वाला हर विद्यार्थी एक योग्य, स्वावलंबी, राष्ट्रभक्त और श्रेष्ठ नागरिक के रूप में परिवार और समाज में योगदान देता था। इतिहासकारों के अनुसार अंग्रेज अधिकारी मैकाले जब भारत आया, तो उसने देखा कि समाज गुरुकुल आचार्यों को अत्यंत सम्मान देता है। यह देखकर उसने ब्रिटिश शासन को पत्र लिखा कि जब तक भारत में गुरुकुल व्यवस्था कायम रहेगी, भारतीयों को गुलाम बनाना कठिन होगा। इसके बाद व्यवस्थित साजिश के तहत गुरुकुलों को समाप्त कर दी गई और भारत को 'क्लर्क बनाने वाली शिक्षा' थोप दी गई। वनस्थली कैलाशपुर के समाजसेवियों का कहना है कि आज पुन: आवश्यकता है कि समाज गुरुकुलों के निर्माण का बीड़ा उठाए और शिक्षा को राष्ट्रनिर्माण से जोड़ा जाए। उनका मानना है कि गुरुकुल का संचालन समाज द्वारा होना चाहिए, जिससे विद्यार्थी केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और चरित्र लेकर निकलें। समाज के इन विचारों के साथ कार्यक्रम के अंत में जय गौ माता और जय भारत माता के नारों से वातावरण गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रवादी और आत्मनिर्भर शिक्षा दिलाने के लिए गुरुकुल परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जाएगा।

## जिले में शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**सूरजपुर।** जिले में बढ़ती ठंड और संभावित शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अलर्ट जारी किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव पैकरा ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में तापमान में गिरावट, शीतलहर एवं शीत दिवस की स्थिति बनने की संभावना जताई गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव पैकरा ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों पर अधिक पड़ता है। साथ ही हृदय रोग, फेफड़ों की बीमारी, मधुमेह, अस्थमा एवं अन्य दीर्घकालिक रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। शीतलहर के दौरान शरीर का तापमान अचानक गिर सकता है, जिससे हाइपोथर्मिया, हाथ-पैरों में सुन्नपन, श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि तथा हृदय रोगियों में जटिलताएँ बढ़ने की आशंका रहती है। बच्चों में सर्दी-जुकाम व निमोनिया का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने शीत लहर को विशेष ध्यान में रखते हुए नागरिकों को परतदार गर्म कपड़े पहनने, ऊनी टोपी, मफलर, दस्ताने व मोजे का उपयोग करने की सलाह दी है। सुबह एवं शाम के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, गर्म भोजन व पेय पदार्थों का सेवन करने तथा ठंड में भी पर्याप्त पानी पीने की अपील की गई है। साथ ही धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी गई है। घर के अंदर हीटर का उपयोग सावधानीपूर्वक करने तथा बंद कमरों में अंगीठी या कोयला न जलाने की सलह दी गई है, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस से दम घुटने का खतरा रहता है। बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं छोटे बच्चों को अतिरिक्त गर्माहट देने की आवश्यकता बताई गई है। यात्रा के दौरान कोहरे को ध्यान में रखते हुए सुबह व देर शाम यात्रा से बचने, वाहन धीमी गति से चलाने तथा हेडलाइट व फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह दी गई है। खेतों में कार्य करने वाले किसानों को गर्म कपड़े पहनने और समय-समय पर विश्राम करने की सलाह दी गई है। किसी भी आपात स्थिति में अत्यधिक ठंड लगने, सांस लेने में कठिनाई या बेहोशी की स्थिति होने पर 108 एम्बुलेंस सेवा अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में शीतलहर से संबंधित उपचार एवं दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मियों एवं आशा कार्यकर्ताओं को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# जिले में धान उपार्जन को लेकर इस बार प्रशासन ने की बड़ी सख्ती

### सीमाओं एवं चेक पोस्ट पर 24 घंटे कड़ी निगरानी

### शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशन में जिले के समस्त धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाओं के साथ धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। शासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया गया है। इसके साथ ही जिले में अवैध धान भंडारण, खरीदी एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई भी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अब तक कुल 3376.6 क्विंटल धान जप्त किया जा चुका है। इसी क्रम में विगत दिवस 13 दिसंबर 2025 को ग्राम डबरीपारा निवासी अजय कुमार साहू, पिता बैजनाथ साहू (उम्र लगभग 32 वर्ष) के दुकान एवं गोदाम में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदकर भंडारित किए जाने पर 270 बोरी धान, जिसका वजन लगभग 108 क्विंटल है, जप्त किया गया। इसी दिन ग्राम गंगौटी, तहसील भैयाथान निवासी शिवबरन सिंह, पिता रामशरण सिंह (उम्र 37 वर्ष) के दुकान, गोदाम एवं आंगन में बिना लाइसेंस अवैध रूप से धान खरीदकर भंडारित किए जाने के मामले में 740 बोरी धान, जिसका वजन लगभग 296 क्विंटल है, जप्त किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले की सीमाओं एवं सभी चेक पोस्टों पर अवैध धान भंडारण एवं परिवहन को रोकने के लिए 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है। संदिग्ध वाहनों एवं परिवहन गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। आंतरिक चेक पोस्टों पर भी टीमों की तैनाती की गई है। निगरानी दल द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ-साथ संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही है। कोचियों एवं बिचौलियों के माध्यम से अवैध रूप से धान खपाने की घटनाओं पर रोक लगाने तथा धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है, जिससे खरीदी, भंडारण एवं परिवहन की रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सकेगी। जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान, कोचियों एवं बिचौलियों से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु खाद्य विभाग कॉल सेंटर नंबर- 1800-233-3663, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर/कॉल सेंटर- 07775-286116 जारी किए गए हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम एवं मोबाइल नंबर पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा। जिला प्रशासन ने किसानों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल दें, ताकि धान खरीदी व्यवस्था को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु बनाया जा सके।

## मनेंद्रगढ़ में खातों के सक्रियण हेतु विशेष अभियान सम्पन्न, हितग्राहियों को प्रदान किए गए प्रमाणपत्र

**एमसीबी।** आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में निष्क्रिय एवं निष्क्रिय जमा शिक्षा निधि खातों को सक्रिय करने हेतु आज जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली सिंह ने की। यह शिविर कोषालय शाखा के निर्देश एवं अग्रणी जिला प्रबंधक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। 8 नवंबर 2025 तक जिले में कुल 300 ष्ठश्वस्न खाते और 1,615 निष्क्रिय सरकारी खाते दर्ज थे, जिनमें लगभग 2.65 करोड़ रुपये अवरुद्ध थे। जिलेभर में कुल 28,369 निष्क्रिय खातों में 12.74 करोड़ रुपये लंबित पाए गए थे। इन खातों को नियमित वित्तीय प्रणाली में पुन: सम्मिलित करने के उद्देश्य से विभागवार दस्तावेज परीक्षण, दावा प्रक्रिया, केवाईसी सत्यापन तथा खातों के तत्काल सक्रियण की कार्रवाई शिविर में की गई।

## शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क उपलब्ध

**राजनांदगांव।** राज्य शासन निर्देशानुसार जिले में सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया की कुष्ठ जांच खोज अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान, त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से सर्वे दल के घर पहुंचने पर पूर्ण सहयोग करने के लिए अपील की है।

## सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान 31 तक

**सूरजपुर।** राज्य शासन निर्देशानुसार जिले में सघन कुष्ठ जांच खोज अभियान 8 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिल देव पैकरा ने बताया की कुष्ठ जांच खोज अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में कुष्ठ रोग की समय पर पहचान, त्वरित उपचार सुनिश्चित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से सर्वे दल के घर पहुंचने पर पूर्ण सहयोग करने के लिए अपील की है। परिवार के सभी सदस्यों की जांच अवश्य करवाएं ताकि कुष्ठ मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल किया जा सके। कुष्ठ रोग पूर्णतरू उपचार योग्य है तथा यह रोग छूने अथवा हाथ मिलाने से नहीं फैलता। कुष्ठ रोग का उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क उपलब्ध है। नोडल डॉ राजेश पैकरा ने बताया कि कुष्ठ जांच खोज अभियान के तहत जिले के सभी विकासखंडो में स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीम आरएचओ एवं मितानिनों द्वारा घर-घर जा कर प्रत्येक व्यक्ति की जांच की जा रही है। सर्वे के दौरान ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में प्रतिदिन सर्वे किया जा रहा है। इस दौरान कुष्ठ रोग के शंकास्पद मामलों की पहचान कर प्रारंभिक अवस्था में ही एमडीटी की दावा उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे रोग के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर दाग के साथ सुन्नपन, नसों में मोटापन या दर्द, झुनझुनाहट अथवा कान व चेहरे में सूजन, मोटापन जैसे लक्षण दिखाई दे तो ये कुष्ठ रोग की संभावना हो सकती है।

## उत्साहपूर्ण वातावरण में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**एमसीबी।** जिले में पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा रविवार को उत्साहपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ठंड के मौसम की परवाह किए बिना ग्रामीण एवं शहरी अंचलों से बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा केंद्रों तक लेकर पहुंचे, जिससे परीक्षा को लेकर बढ़ती जागरूकता और रुचि स्पष्ट रूप से देखने को मिली। परीक्षा आयोजन के लिए जिले में कुल 11 केंद्र स्थापित किए गए थे। इनमें भरतपुर विकासखंड में 4, खड़गवां विकासखंड में 4 तथा मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में 3 परीक्षा केंद्र शामिल थे। सभी केंद्रों पर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा, अनुशासन तथा समय-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इस वर्ष नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए जिले से कुल 3570 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। इनमें से 2877 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें लगभग 81 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। चयन परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय, केनापारा, बैकुंठपुर में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे थे। परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित अभिभावकों ने नवोदय विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण आवासीय शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह विद्यालय उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में कई अभिभावकों द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शीघ्र ही पृथक जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग भी की गई, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अपने ही जिले में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो सके। कुल मिलाकर जिले में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित और उत्साहवर्धक रहा, जो भविष्य में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत है।

## किसान ने बेचा 69 क्विंटल धान

**सूरजपुर।** जिले में कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सुविधाओं के साथ धान खरीदी की जा रही है। ग्राम बरहोल निवासी किसान अशोक कुमार राजवाड़े ने बताया कि उन्होंने उमापुर सहकारी समिति (सोसाइटी) में कुल 69 क्विंटल 20 किलो धान का विक्रय किया। धान विक्रय के दौरान उमापुर सोसाइटी में कार्यरत मजदूरों द्वारा धान की सिलाई एवं तौलाई की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें किसान को किसी प्रकार का अतिरिक्त खर्च वहन नहीं करना पड़ा।

# जिले में मनरेगा से स्थायी आजीविका को मिल रहा नया आधार

**एमसीबी।** जिले में ग्रामीण विकास को नई दिशा देते हुए जिला प्रशासन द्वारा रोजगार के साथ-साथ स्थायी आजीविका सृजन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को न केवल तात्कालिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें दीर्घकालिक आय के साधनों से जोड़ने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। यही कारण है कि वर्तमान में जिले में बड़े पैमाने पर रोजगारमूलक एवं आजीविका आधारित कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।दिसंबर माह में मनरेगा अंतर्गत रोजगार सृजन को गति देने के लिए जिले की तीनों जनपद पंचायतों में महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं।





जनपद पंचायत खड़गवां को 3 करोड़ रुपये, मनेंद्रगढ़ को 3.26 करोड़ रुपये तथा भरतपुर को 6.95 करोड़ रुपये के नए रोजगारमूलक कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों से हजारों मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त होगा।राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले में आजीविका डबरी निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को रोजगार के साथ-साथ मत्स्य पालन जैसे स्थायी आजीविका के साधनों से जोड़ना है। जिले में 1000 से अधिक नवीन आजीविका डबरी निर्माण का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक 164 से अधिक डबरी निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जा चुकी है। इन डबरियों के साथ हितग्राहियों द्वारा फलदार पौधों का रोपण भी कराया जा रहा है, जिससे भविष्य में अतिरिक्त आय के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री के विजन को आगे बढ़ाते हुए अधिकारियों ने बताया कि मनरेगा को केवल मजदूरी योजना के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बनाया जा रहा है। वहीं कलेक्टर ने कहा कि जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में पर्याप्त रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है, ताकि कोई भी पात्र परिवार रोजगार से वंचित न रहे और उसे स्थायी आजीविका का अवसर मिल सके।प्रदेश स्तर पर संचालित मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। मनरेगा के माध्यम से तालाब निर्माण एवं गहरीकरण, डबरी निर्माण, परकोलेशन टैंक, लूज बोल्डर चेक, गेबियन संरचनाएं, अर्दन चेक, गली प्लग, हिल स्लोप ट्रीटमेंट, कंटूर ट्रेंच, डब्ल्यूएटी, 5 प्रतिशत एवं 30रू40 मॉडल जैसे कार्य कराए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त डिफेक्ट बोरवेल रिचार्ज तथा सामुदायिक एवं व्यक्तिगत आजीविका गतिविधियों जैसे मुर्गी, बकरी एवं पशु पालन शेड का निर्माण भी किया जा रहा है। साथ ही जिले में पूर्व से स्वीकृत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में रोजगार मूलक कार्यों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिससे मनरेगा पंजीकृत जॉब कार्डधारी परिवार कार्य की मांग करने पर 15 दिवस के भीतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।कुल मिलाकर जिले में मनरेगा के माध्यम से रोजगार, जल संरक्षण और स्थायी आजीविका का यह समन्वित प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम साबित हो रहा है।

## गिरजा साहू बने जिलाध्यक्ष



**कोरबा।** पिछले दिनों साहू संघ के पर्यवेक्षक रामलाल साहू व मुकेश साहू कोरबा आए हुए थे। उन्होंने दीपका में जिला अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया। यहां पर गिरिजा साहू को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष बनाया गया। इसके पहले भी श्री साहू समाज के जिलाध्यक्ष थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई कार्य किये है। खासकर युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी कराया है। सभी इकाईयों में संगठन मजबूत हुआ है। इसके अलावा कई स्थानों पर कर्मा मंदिर स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी दिनेश साहू ने दी है।

## बीकेकेएमएस महामंत्री आएंगे कोरबा

**कोरबा।** बीकेकेएमएस एसईसीएल के महामंत्री सुजीत सिंह का 23 दिसंबर को कोरबा आगमन हो रहा है। वे जेपी कालोनी में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस समीक्षा बैठक में अध्यक्ष हिरेन्द्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह रिपोर्ट सौपेंगे। इसके अलावा इकाईयों में कार्यकारिणी गठन को लेकर चर्चा की जाएगी। कुछ इकाईयों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। इस नियुक्ति के बाद वहां किये गए कार्यों की जानकारी ली जाएगी। रजगामार में उत्तम कुलदीप, ढेलवाडीह में अशोक सूर्यवंशी को प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा भुनेश्वर कश्यप को जीएम शाखा में भी दायित्व मिला है। कोरबा में किये गए कार्यों और सदस्यता बढ़ोतरी पर चर्चा करते हुए आगे की रूप रेखा तैयार होगी।

## सुरक्षा को लेकर होगी प्रतियोगिता

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया के मानिकपुर में सुरक्षा को लेकर 19 दिसंबर को प्रतियोगिता आयोजित की गई है। कल्याण मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी इकाईयों के कामगार मौजूद रहेंगे और दुर्घटना से बचने के लिए कई जानकारियां देंगे। प्रतियोगिता में लेखन के अलावा कई ऐसे कार्य किये जाते है, जिसमें दुर्घटना से बचने के लिए उपाए होते हैं। सेफ्टी सदस्य अशोक तिवारी, सुरेश श्रीवास सहित अन्य सदस्य मौजूद रहेंगे।

## प्रदेश अध्यक्ष राठौर का स्वागत

**कोरबा।** कल क्षत्रिय राठौर समाज के प्रदेश अध्यक्ष का कोरबा पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। कल जांजगीर में हुए चुनाव में पवन राठौर को अध्यक्ष व ओंकार को कोसाध्यक्ष बनाया गया। लालूराम कालोनी स्थित समाज के भवन में इन दोनों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान राठौर समाज के संतोष राठौर, प्रीतम राठौर, राजेश राठौर, अजय राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कुसमुंडा में निजी कंपनी हुई सख्त, रोकी बाहरी दखल

### कैंपस के बाहर लगाया बोर्ड- नो वैकेंसी

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा क्षेत्र में आउटसोर्सिंग पर काम लेने वाली नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड आए दिन होने वाले तमाशा से परेशान होकर अपने यहां जो वैकेंसी का बोर्ड लगा दिया है। इसके साथ ही गैस जरूरी लोगों के प्रवेश को वर्जित भी किया है।

नीलकंठ प्राइवेट लिमिटेड करोड़ों का काम ओवर बर्डन और दूसरे क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। उसने अपनी व्यवस्था और सहूलियत के लिए श्रमिकों को नियोजित किया है। हाल में ही दूसरे राज्यों के श्रमिकों के साथ मारपीट की गई थी। मारपीट करने वाले लोग आसपास के थे। सामाजिक सुरक्षा की मांग इस घटना के बाद जमकर उठी और पुलिस ने हस्तक्षेप कर अगली कार्रवाई की। तब कहीं जाकर श्रमिक कामकाज करने के लिए तैयार हुए इन सब झंझट से बचने के लिए नीलकंठ कंपनी ने अपने कैंपस के बाहर दो वैकेंसी और पात्र लोगों के प्रवेश को वर्जित करने वाली सूचना लगा दी है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि इस प्रयास से गैर जरूरी लोगों को रोका जा सकेगा और अनावश्यक बावल से भी बचना संभव होगा।



फाईल फोटो

### कई कारणों से बनी है औद्योगिक अशांति

*कोरबा जिले के कोल फील्ड्स क्षेत्र में औद्योगिक अशांति समय-समय पर बनती रही है और इसके कारण प्रबंधन और प्रशासन के सामने चुनौतियां भी खड़ी हुई है। कोरबा जिले में सबसे ज्यादा समस्याएं कुसमुंडा, दीपका विस्तार और गेवरा क्षेत्र के मामले में है। जमीन अर्जन के वर्षों पुराने मामले में मुआवजा के अलावा रोजगार और पुनर्वास के मसले लंबित पड़े हैं। बार-बार इसे लेकर प्रभावित लोगों को प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। संबंधित लोगों की शिकायत काफी समय से इसी बात को लेकर है कि समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन से लेकर प्रबंधन के अधिकारी केवल आश्वासन देने तक सीमित रहते हैं लेकिन कार्रवाई के बारे में किसी प्रकार की मानसिकता नहीं बनाते हैं।*

## कई तरह की समस्याएं लेकर लोग पहुंचे जन दर्शन में




**कोरबा।** प्रशासन के द्वारा आयोजित जन दर्शन में आज विभिन्न क्षेत्रों के लोग अपनी समस्याओं के साथ पहुंचे। आवेदन के साथ मामले की जानकारी प्रशासन को दी। कुछ प्रॉब्लम में तुरन्त समाधान हुआ और कुछ में तारीख मिली।

जमीन विवाद, अतिक्रमण, पीडीएस राशन दुकान , महिला समूह को काम दिए जाने, बुनियादी समस्याओं के अलावा कुछ जटिल प्रकरण भी आज के जनदर्शन में आए। इस तरह की शिकायत करने वालों में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल थे। बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति जन दर्शन में दर्ज हुई। प्रशासन के अधिकारी को लोगों ने इस बारे में अपने आवेदन दिए और बताया कि समस्याएं काफी समय से बनी हुई है। इस वजह से उन्हें परेशानियां हो रही है। अलग-अलग स्तर पर लोगों ने आवेदन दिया है लेकिन समस्याओं का निराकरण करने में रुचि नहीं ली गई। अधिकारी के द्वारा सोमवार को प्राप्त ऐसे आवेदन पर संज्ञान दिया गया और अगली कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। वर्ष 2025 में जनवरी से अब तक ऐसे अनेक जनदर्शन के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं का निराकरण प्राप्त हुआ है। प्रशासन की ओर से कहा गया कि लोगों के बीच सेतु तैयार करने के लिए यह एक कोशिश है और इसे आगे भी जारी रखा जाएगा।

# केनरा बैंक की छत से दो आउटडोर पार किया चोरों ने




**कोरबा।** कोरबा शहर और उपनगरीय इलाकों सहित जिले के विभिन्न स्थानों में कबाड़ का धंधा थानेदारों की जानकारी में प्रारंभ रहने के कारण चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। घरेलू कबाड़ की आड़ में अवैध और चोरी का माल खरीदा जा रहा है और जिले से बाहर बड़े पैमाने पर बिक्री भी हो रहा है। यही कारण है कि लोहा,तांबा, अल्युमिनियम निर्मित सामानों की चोरी बढ़ने लगी है।

प्राप्त जानकारी में कहा गया कि आज तड़के करीब 4 बजे लगभग 25-30 वर्षीय एक अज्ञात नकाबपोश चोर ने टीपी नगर से सीएसईबी चौक के मध्य मुख्य सड़क में संचालित केनरा बैंक की छत से एयर कंडीशनर का दो आउटडोर चोरी कर लिया। लगभग 1 घंटे उसने इस वारदात को अंजाम देने में लगाया। आउटडोर के दोनों बॉक्स वह अपने साथ ले गया। इसके साथ ही बैंक के बाहरी परिसर से आउटडोर तक खींचे गए केबल तार को भी काट कर चोरी कर लिया है। उसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। बताया जा रहा है कि करीब एक माह पहले भी केनरा बैंक के सामने से केबल तार की चोरी कर ली गई थी जिसमें तांबा बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। एक माह पहले हुए इस वारदात के बाद यह दूसरी घटना है, जब केनरा बैंक का बाहरी इलाका चोर के टारगेट में रहा। बैंक प्रबंधन द्वारा इसकी सूचना सीएसईबी पुलिस सहायता केंद्र में दी जा रही है। चोरी की वजह से आसपास के व्यापारियों और रहवासियों में दहशत देखी जा रही है।

# जमीन असुरक्षित, वन विभाग निश्चिंत

### ना अतिक्रमण रोका, ना किसी को शिकायत की



**कोरबा।** कटघोरा सबडिवीजन में अतिक्रमण के कुछ मामलों को लेकर पिछले दिनों प्रशासन के द्वारा मिलजुल कर कार्रवाई की गई। ऐसे मामलों की समीक्षा भी लगातार की जा रही है। लेकिन वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण को लेकर विभाग के अधिकारी ही उदासीन है। यही हाल कोरबा रोड पर यहां वहां अतिक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। आखिर ऐसे प्रकरणों में कार्रवाई को लेकर योजना क्या है, लोग इसे जानना चाहते हैं।

कोरबा जिले के कटघोरा में नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुलिस के सहयोग से पिछले दिनों अंबिकापुर रोड और बिलासपुर रोड में अतिक्रमण को लेकर संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया और उनकी ओर से किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं लेने पर बुलडोजर चला दिया गया। बस स्टैंड से लेकर वीर नारायण चौराहा और अनेक स्थानों पर इस तरह की कार्रवाई कर संबंधित क्षेत्रों को समस्या से मुक्त करने की कोशिश की गई। इस अभियान को हर किसी ने सराहा क्योंकि अतिक्रमण की वजह से बस स्टैंड से सभी क्षेत्रों में समस्या हो रही थी।

वर्तमान में लोग इस चीज को महसूस कर रहे हैं कि फॉरेस्ट कॉलोनी के सामने के हिस्से में अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ रहा है । जिस अंदाज में फॉरेस्ट की जमीन पर यह सब चल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि अतिक्रमण करने वालों को या तो रोका नहीं जा रहा है या फिर उन्हें इस जमीन पर अपना काम धंधा चलाने की मंजूरी अलिखित रूप से दे दी गई है।

फॉरेस्ट कॉलोनी के अलावा कोरबा रोड पर काफी लंबे हिस्से में अतिक्रमण हो रहा है और इसका विस्तार भी हो रहा है। इस पर किसी तरह की रोक-टोक नहीं है और ना ही अब तक कार्रवाई करने की मानसिकता बनाई गई है। ऐसे में लोग भ्रमित है कि क्या वे कटघोरा से छूरी तक के हिस्से में ऐसा काम कर सकते हैं।


## कोल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता में भाग लेने एसईसीएल कोरबा की टीम कल होगी रवाना



**कोरबा।** एसईसीएल कोल इंडिया व्हालीबाल प्रतियोगिता 17 से 20 दिसंबर तक रांची सिम्पीडीह में आयोजित हो रही है, जिसमें भाग लेने के लिए एसईसीएल कोरबा की टीम कल सुबह रवाना होगी। व्हालीबॉल टीम में रमेश सिंह, सुमित राय, आकाश सिंह, इंद्रजीत सिंह, संकट केशरवानी, फ्रांसीसी एंथोनी, शत्रुघन साहू, मनीष नामव्यार, ज्ञानेश तिनवंकर, नवीन सिंह, अविनाश सिंह तथा अनिल बाजपेयी शामिल है। जबकि टीम के कोच शैलेष तिवारी एवं मैनेजर पंकज को बनाया गया है। जिनके नेतृत्व में उपरोक्त खिलाड़ी रांची पहुंचेंगे और अपना खेल जौहर दिखाएंगे।

खिलाड़ियों को कोरबा एरिया के कार्मिक प्रबंधक केपी सिंह एवं गजेन्द्र ठाकुर ने बधाई देते हुए उत्कृष्ठ प्रर्दशन तथा खिताब जीतने की कामना की है।

## मरवाही जाने के बाद पुनः लौटे दंतैल



**कोरबा।** जिले के पसान रेंज में लगातार उत्पात मचाकर ग्रामीणों तथा वन विभाग की नाक में दम कर देने वाले दंतैल हाथी बीती रात मरवाही रेंज के जंगल में चले गए थे। वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने इन्हें खदेड़ने की कार्यवाही की थी। कुछ देर तक मारवाही के जंगल में विचरण करने के बाद दंतैल हाथी सुबह होने से पहले फिर पसान रेंज लौट गए और वनखेता जंगल में डेरा डाल दिया है। हाथियों केर पुनः लौटने पर वन विभाग सर्तक हो गया है और उसकी निगरानी करने के साथ ही गांव में मुनादी करा दी है।

## अधिकारी पर आरोप लगाने वाले दीपक को तलाश रही पुलिस

**कोरबा।** डीएसपी कल्पना वर्मा पर गंभीर आरोप लगाने वाले दीपक टंडन के खिलाफ कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी न्यायालय कटघोरा ने आरोपी दीपक टंडन उर्फ अंबेडकर टंडन के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

बताया गया कि दीपक टंडन निर्धारित तिथि पर न्यायालय में पेश नहीं हुआ, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। मामला वर्ष 2020 का है, जिसमें आरोपी पर दीपका निवासी महेंद्र सिंह से लगभग 28 लाख रुपये की ठगी का आरोप है।

कटघोरा कोर्ट के आदेश के बाद दीपका पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जा सकती है।

## जिले में गति पकड़ी राम नाम लेखन महायज्ञ ने



बड़गाँव में गृह संपर्क के साथ पुस्तिका वितरित करते लोग।

**उरगा क्षेत्र में हुई बैठक**

**कोरबा।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की दूसरी वर्षगांठ पर विभिन्न प्रकार के सोपान के अंतर्गत काम किया जा रहा है । राम नाम लेखन अनुष्ठान इसी का एक हिस्सा है, जिसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित किया जा रहा है । कोरबा जिले में अभियान को गति मिल रही है।

अभियान की योजना के तहत 3 लाख घरों तक पुस्तिका वितरित की जा रही है। जिनमे लोग राम नाम लिख रहे है। अभियान के अंतिम चरण में पुस्तिकाओं को अयोध्या भिजवाया जाएगा। बताया गया है कि सभी क्षेत्रों में अभियान को लेकर लोग उत्साहित है। पूरा अभियान जनभागीदारी से सम्पन्न हो रहा है। पिछले दिनों राम लेखन कार्य को लेकर उरगा क्षेत्र में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमलेश अनंत, अविनाश कंवर को सहसंयोजक बनाया गया। आने वाले दिनों में पालक नरेश पटेल द्वारा बैठक ली जाएगी। इस बैठक में राम लेखन कार्य के लिए कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। राम लेखन के लिए लोगों को पुस्तिका दिए जाएंगे। यह कार्य सभी सक्ती केन्द्रों में होगा। कोसाबाड़ी नगर मंडल में भी राजेश राठौर, मिलापराम, पुनीराम साहू, राम लेखन कार्य में सहयोग कर रहे हैं। अयोध्या से पुस्तिका आयी हुई है। जिसका वितरण सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है।

## जंगली सुअर के हमले में चौकीदार घायल, अस्पताल दाखिल

**कोरबा।** जिले के दर्री तहसील कार्यालय के पास बीती रात बकरियों के झुंड में शामिल एक जंगली सुअर ने चौकीदार पर हमला कर दिया जिससे वह लहू लुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गया उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार लोरिक यादव 60 वर्ष दर्री तहसील कार्यालय में चौकीदारी का काम करता है। बीती रात वह चौकीदारी के लिए तहसील कार्यालय पहुंचा था। इस बीच कुछ बकरियां वहां घूम रही थी, जिसे भगाने के लिए जैसे वह नीचे आया तो बकरियों के झूंड में शामिल एक जंगली सुअर ने उन पर हमला कर दिया। वन्य प्राणी के हमले से वह लहूलुहान हो गया। उन्होंने मदद के लिए गुहार लगाई जिस पर पास से गुजर रहे लोग मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जंगली सुअर के हमले में चौकीदार के घायल होने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर अस्पताल पहुंचे और घायल चौकीदार का हालचाल जानने के बाद तत्कालिक सहायता राशि रूपए 500 उपलब्ध करायी।

## कोहरा के साथ धुआ ने बढ़ाई परेशानी

**कोरबा।** दिसंबर की विदाई करीब आने के साथ कोरबा क्षेत्र में मौसम का रुख लगातार बदल रहा है। तापमान में गिरावट होने से कई प्रकार की स्थिति क्षेत्र में बन रही है और लोगों की परेशानियों में इजाफा हो रहा है। बताया गया कि आज सुबह विभिन्न क्षेत्रों में कोहरा के साथ धूएं की स्थिति ने विजिबिलिटी पर असर डाला। बताया गया कि यह इतना जबरदस्त रहा की 50 मीटर की दूरी पर आने जाने वाले लोग और वहां नजर नहीं आ सके। संभावित खतरे को देखते हुए लोगों ने या तो खुद को किनारे किया या फिर गाड़ियों की एक्स्ट्रा लाइट का इस्तेमाल किया।

### ठंड के असर से फ्लॉवरिंग हुई कम

**कोरबा।** ठंड के बढ़ते प्रभाव ने जन जीवन के अलावा वनस्पतियों पर भी अपना असर डाला है। वर्तमान मौसम में जहां लोग ठंड से निपटने के लिए गर्म कपड़े और अलाव का उपयोग कर रहे हैं, वही जानवरों को दुबकना पड़ रहा है। आलम ये है कि ठंड से फूलों का खिलना काफी कम हो गया है।

# मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति लगाएगी आयुष स्वास्थ्य मेला

**कोरबा।** कोरबा के परशुराम भवन दुरपा रोड में 16 दिसंबर मंगलवार को एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य मेला का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय इस स्वास्थ्य मेला का आयोजन मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति कर रही है। समाज के अध्यक्ष वैभव जोशी ने बताएगी इस स्वास्थ्य मेला के माध्यम से आयुर्वेद और होम्योपैथी पद्धति से विभिन्न रोगों से लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने की कोशिश की जाएगी।। आयुष और होम्योपैथिक चिकित्सक इस शिविर में उपस्थिति दर्ज करने के साथ लोगों को परामर्श देंगे और दवाइयां भी। इसके माध्यम से लोगों को बताया जाएगा की बिना साइड इफेक्ट के चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने के लिए वे इस प्लेटफार्म का उपयोग कर सकते हैं। इससे पहले ऐसे कई आयोजन आयुष विभाग की ओर से कोरबा जिले में अलग-अलग स्थान पर किए जा चुके हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

**मैं रविन्द्र शर्मा निवासी अम्मरैयापारा तहसील कोरबा जिला कोरबा सर्वधारण को सूचित करता हूं कि पूर्व में मेरा नाम रविन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. रामचंद्र शर्मा था। अब इसी नाम से जाना व पहचना जाता था। लेकिन मैने अपना पूर्व का नाम रविन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. रामचंद्र शर्मा को शपथ पूर्वक बदल कर रविन्द्र शर्मा पिता स्व. रामचंद्र शर्मा रख लिया हूं। जोकि मेरे आधार कार्ड , पेनकार्ड वोटर आईडी तथा अन्या दस्तावेजो में भी दर्ज है। अतः मुझे मेरे नए नाम रविन्द्र शर्मा पिता स्व. रामचंद्र शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए।**

**रविन्द्र शर्मा**
**अम्मरैयापारा**
**कोरबा।**







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com